दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 25 जनवरी -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 37 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




## नोएडा अथॉरिटी के सीईओ बनाये गए कृष्णा करुणेश, जल्द संभालेंगे कार्यभार



**लखनऊ करंट क्राइम:** नोएडा में गड्ढे में डूबने से इंजीनियर युवराजकी मौत मामले में हटाए गए सीईओ का स्थान आईएएस अधिकारी कृष्णा करुणेश लेंगे। कृष्णा करुणेश अभी नोएडा अथॉरिटी में अपर मुख्य कार्यपालक (एसीईओ) के पद पर कार्यरत हैं। नोएडा अथॉरिटी के सीईओ रहे लोकेश एम को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। लोकेश एम को नोएडा अथॉरिटी की कमान जुलाई 2023 में मिली थी। 2011 बैच के आईएएस अधिकारी कृष्णा करुणेश इससे पहले नोएडा प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) के पद पर कार्यरत हैं। कृष्णा करुणेश को नोएडा प्राधिकरण के सीईओ की जिम्मेदारी ऐसे समय दी जा रही है प्राधिकरण और प्रशासन इंजीनियर युवराज मेहता की मौत को लेकर सवालों के घेरे में है।

कृष्णा करुणेश 2011 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और वह मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। आईएएस कृष्णा करुणेश एमए, एलएलबी हैं और उनकी गिनती तेज तर्रार आईएएस अधिकारी में की जाती है। वह गाजियाबाद में एसडीएम और सीडीओ के पद पर भी रह चुके हैं। इसके साथ ही हापुड़ व बलरामपुर में जिलाधिकारी रह चुके हैं। कुशीनगर जिले में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के पद पर भी रह चुके हैं। मूल रुप से बिहार के निवासी आईएएस अधिकारी कृष्णा करुणेश गोरखपुर के जिलाधिकारी थे। डीएम रहते हुए उन्होंने प्रशासनिक सख्ती, कानून-व्यवस्था और विकास कार्यों को लेकर अलग पहचान बनाई थी।

योगी आदित्यनाथ सरकार ने नोएडा अथॉरिटी के सीईओ डॉ लोकेश एम को हटाते हुए उन्हें अब वेटिंग में डाल दिया है। सरकार की ओर यह कार्रवाई तब हुई जब लोगों ने घटना के विरोध में एक दिन पहले मार्च निकाला था। कार सवार इंजीनियर युवराज की मौत का खुद ही संज्ञान लेते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने घटना की जांच का भी निर्देश दिया है।

# उत्तर प्रदेश बना देश का ग्रोथ इंजन, गाजियाबाद विकास की धुरी: नरेंद्र कश्यप

## विकसित भारत - विकसित प्रदेश की रही थीम, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही योजनाओं के लाभार्थियों को मिला सम्मान






















**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस और बालिका दिवस के अवसर पर शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विकसित भारत-विकसित प्रदेश के संकल्प को साकार करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू नहीं, बल्कि देश का ग्रोथ इंजन बन चुका है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश ने विकास, कानून व्यवस्था, तकनीक और निवेश के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को नंबर-1 बनाने के लिए हर जनपद को नंबर-1 बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। आज उत्तर प्रदेश न केवल देश बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है।

लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने कहा कि वर्तमान सरकार ने अपराध और भ्रष्टाचार पर सख़्त लगाम लगाई है, जिसके चलते लोनी जैसे क्षेत्रों में भी बहन-बेटियां सुरक्षित हैं।

वहीं सदर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि गाजियाबाद तेजी से विकास के केंद्र के रूप में उभर रहा है और आने वाले समय में यह देश के अग्रणी जिलों में शामिल होगा।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने अतिथियों का स्वागत किया। विभिन्न विभागों द्वारा विकास कार्यों पर आधारित 25 स्टॉलों की प्रदर्शनी लगाई गई। स्कूली छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक, देशभक्ति और नुक्कड़ नाटक की शानदार प्रस्तुतियां दीं।

इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का संबोधन शामिल रहा। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाभार्थियों, कलाकारों एवं अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इन स्टॉलों में समाज कल्याण, महिला कल्याण, सौर ऊर्जा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, शिक्षा, उद्योग, श्रम, बाल विकास, एनआरएलएम, कृषि विज्ञान केंद्र, दिव्यांग सशक्तिकरण, सहकारिता, जिला आपूर्ति, पशुपालन, खादी ग्रामोद्योग सहित अन्य विभागों की योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। इसके उपरांत दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। नन्हें कलाकारों द्वारा गणेश वंदना एवं गंगा आरती के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। एमबी गर्ल्स इंटर कॉलेज, शंभू दयाल ग्लोबल स्कूल, केआर मंगलम, जीजीआईसी प्रेम नगर, कंपोजिट विद्यालय लोनी सहित अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक, देशभक्ति, नुक्कड़ नाटक एवं उत्तर प्रदेश की गाथा पर आधारित प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया।

# फुल ड्रेस रिहर्सल में पुलिस ने मिलाए कदम से कदम आईपीएस महिला अधिकारी ने ली सलामी

## अनुशासन, तालमेल और शौर्य का दिखा शानदार प्रदर्शन











**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आगामी राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 2026 के मद्देनजर शनिवार सुबह पुलिस लाइन्स कमिश्नरेट गाजियाबाद स्थित परेड ग्राउंड में भव्य फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया गया।

रिहर्सल के दौरान गाजियाबाद पुलिस की विभिन्न टुकड़ियों ने कदम से कदम मिलाकर मार्च पास्ट किया और अपने अनुशासन, क्षमता, मेहनत व शौर्य का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। परेड का निरीक्षण पुलिस आयुक्त द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. एस. दीप्ति चौहान (आईपीएस) ने परेड कमांडर की भूमिका निभाते हुए सलामी ली। उनकी अगुवाई में पुलिस बल ने सटीक तालमेल और समयबद्धता के साथ परेड प्रस्तुत की, जिसने उपस्थित अधिकारियों और दर्शकों को प्रभावित किया। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान परेड की तैयारियों, अनुशासन, समन्वय और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य 26 जनवरी को होने वाले मुख्य समारोह से पूर्व सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देना और किसी भी संभावित कमी को दूर करना रहा। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय, सुरक्षित और सफल बनाने के लिए हर स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

रिहर्सल के माध्यम से यह संदेश भी दिया गया कि गाजियाबाद पुलिस हर चुनौती के लिए पूरी तरह मुस्तैद और सक्षम है।

# मेयर की घोषणा के बाद राजस्व प्रभारी का पलटवार

## बोले हाउस टैक्स पर शहर कर रहा है कोर्ट के निर्णय का इंतजार






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मेयर ने घोषणा की और उन्होंने मुख्य कर निर्धारण अधिकारी तथा राजस्व प्रभारी पर निशाना साधा। इसके ठीक एक दिन बाद मुख्य कर निर्धारण अधिकारी तथा राजस्व प्रभारी सुनील कुमार राय ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स मामले पर पूरा शहर कोर्ट के निर्णय का इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्णय पर अटूट विश्वास है और करदाता गुमरा होने से बचें। 27 जनवरी को हाउस टैक्स मामले पर हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है।

कर निर्धारण अधिकारी ने कहा कि हाउस टैक्स प्रकरण पर फैसला आने से पूर्व शहर वासियों को गुमराह करना, अफवाह फैलाना, बिना निर्णय आये गलत जानकारी देना शहरवासियों के लिए परेशानी बना हुआ है। उन्होंने कहा कि अंतिम निर्णय में देरी हो रही है और एक बार फिर दोहराया कि याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं का अनुपस्थित होना देरी का कारण बन रहा है। अपने प्रेसनोट में कर निर्धारण अधिकारी ने किसी का नाम नहीं लिया है लेकिन उन्होंने ये कहा कि जो विषय कोर्ट के समक्ष विचाराधीन है उस पर किसी प्रकार की कार्यवाही विभाग द्वारा नहीं की जा सकती।

### लगातार प्रेस विज्ञप्तियां जारी करने पर पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने जताई कड़ी आपत्ति



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में हाउस टैक्स को लेकर जारी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। महापौर सुनीता दयाल के स्पष्ट बयान के बावजूद नगर निगम द्वारा लगातार प्रेस विज्ञप्तियां जारी किए जाने पर पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने कड़ी आपत्ति जताई है। शनिवार को नगर निगम की ओर से एक बार फिर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कोर्ट गए पूर्व पार्षदों पर टिप्पणी किए जाने के बाद यह विवाद और गहरा गया। पूर्व पार्षद वरिष्ठ नेता राजेंद्र त्यागी ने कहा कि जब मुख्य कर निर्धारण अधिकारी स्वयं नहीं हैं और प्रभारी अधिकारी के स्तर से इस प्रकार की विज्ञप्तियां जारी की जा रही हैं, तो यह न केवल बोर्ड की गरिमा के खिलाफ है, बल्कि महापौर के सार्वजनिक बयान के बाद ऐसी कार्रवाई निंदनीय भी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नगर निगम की संवैधानिक प्रमुख महापौर होती हैं और उनके बयान के बाद भी कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के इशारे पर कर्मचारियों द्वारा इस तरह की हरकतें करना अनुचित है। पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने यह भी याद दिलाया कि 27 जनवरी को इस मामले में माननीय न्यायालय में सुनवाई निर्धारित है। उन्होंने कहा कि पूर्व पार्षद किसी व्यक्तिगत विवाद के चलते नहीं, बल्कि पूरी तरह जनता के हितों को ध्यान में रखकर ही कोर्ट गए हैं। नगर निगम या किसी अधिकारी से उनका कोई निजी टकराव नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि महापौर सुनीता दयाल ने 30 जून को सदन में लिए गए फैसले का स्वागत किया था और बाद में भी अपना बयान दिया, लेकिन इसके बावजूद स्थिति आज भी असमंजस की बनी हुई है। राजेंद्र त्यागी ने मांग की कि नगर निगम को चाहिए कि वह जल्द से जल्द कोर्ट में स्पष्ट एफिडेविट दाखिल करे, ताकि हाउस टैक्स से जुड़ा यह पूरा मामला हमेशा के लिए सुलझ सके और जनता को राहत मिल सके।

# पुलिस कमिश्नरेट में गणतंत्र दिवस को लेकर कड़ा सुरक्षा पहरा चप्पे-चप्पे पर शुरू हुई चेकिंग, अधिकारियों ने संभाली कमान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गणतंत्र दिवस को लेकर दिल्ली-एनसीआर में पुलिस पूरी तरह हाई अलर्ट मोड पर है। इसी क्रम में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के वरिष्ठ अधिकारी फील्ड में उतर आए हैं और सुरक्षा व्यवस्थाओं की सीधे कमान संभाल रहे हैं। शनिवार की शाम डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन निमिष दशरथ के नेतृत्व में एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव, एसीपी शालीमार गार्डन अतुल सिंह ने अपने-अपने क्षेत्रों में पैदल गश्त कर सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने संवेदनशील इलाकों, बाजारों, प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच, वाहनों की चेकिंग और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी तरह की अवांछनीय गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

वहीं गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से थाना टीलामोड़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पैसोंडा में व्यापक भौतिक सत्यापन अभियान चलाया गया। पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन जोन के नेतृत्व में विभिन्न अपराधियों, गुंडा तत्वों, गैंगस्टर, वाहन चोरों आदि का सत्यापन किया गया। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का स्पष्ट संदेश है कि गणतंत्र दिवस पर शांति, कानून-व्यवस्था और जन-सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। लगातार गश्त, सघन जांच और सत्यापन अभियानों के जरिए असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।



# 'अब मिशन मोड में सरकारी नौकरी', 61 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपकर बोले पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को 18वें रोजगार मेले के तहत देश भर के 61,000 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियों के अपॉइंटमेंट लेटर वितरित किए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त कर्मचारियों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह नियुक्ति पत्र राष्ट्र निर्माण का निमंत्रण है।



पीएम मोदी ने युवाओं को संविधान के प्रति उनके कर्तव्यों की याद दिलाई। पीएम मोदी ने कहा कि नए साल की शुरूआत आपके जीवन में खुशियाँ लेकर आई है। इसके साथ ही, जब कल ही बसंत पंचमी मनाई गई, तो आपके जीवन में भी एक नया 'बसंत' शुरू हो गया है। आपका कर्तव्य संविधान से जुड़ गया है।

पीएम मोदी ने कहा कि इस समय गणतंत्र भी मनाया जा रहा है। शुक्रवार, 23 जनवरी को, हमने सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पराक्रम दिवस मनाया, और कल, 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस है। आज ही के दिन संविधान ने जन गण मन को राष्ट्रगान और वंदे मातरम को राष्ट्रगीत के रूप में मान्यता दी थी। इस शुभ दिन पर, 61 हजार से ज्यादा युवाओं को अपॉइंटमेंट लेटर मिल रहे हैं। एक तरह से यह राष्ट्र निर्माण के लिए निमंत्रण पत्र है। यह भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए एक 'संकल्प पत्र' है। आप सभी, अपने सहयोगियों के साथ मिलकर, हमारे देश की रक्षा को बेहतर बनाएंगे और हमारे स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा प्रणाली को भी मजबूत करेंगे, जबकि अन्य ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेंगे।

पीएम मोदी ने कहा युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैं यहां मौजूद सभी युवाओं को बधाई देना चाहता हूं। दोस्तों, युवाओं को कौशल से जोड़ना और उन्हें रोजगार के अवसर देना हमारी सरकार का लक्ष्य रहा है। सरकारी नौकरियों को मिशन मोड में लाने के प्रयास में, रोजगार मेला शुरू किया गया था। पिछले कुछ सालों में, रोजगार मेला एक संस्था बन गया है जिसके माध्यम से लाखों युवाओं को विभिन्न सरकारी विभागों में अपॉइंटमेंट लेटर मिले हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है। हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रही है कि भारत की युवा शक्ति के लिए ज्यादा अवसर पैदा हों। इसके लिए, भारत कई देशों के साथ व्यापार और मोबिलिटी समझौते कर रहा है।

### एफटीए पर भी चल रही चर्चा

पीएम मोदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के पास अभी दुनिया भर में कई व्यापार समझौते हैं, जिनमें यूरोपीय और उत्तरी अमेरिकी देश शामिल हैं। भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौता पर भी चर्चा चल रही है, जबकि दिसंबर 2025 में न्यूजीलैंड के साथ एक ऋळअ को अंतिम रूप दिया गया था। इन देशों के अलावा, भारत-ब्रिटेन और भारत-यूरोपीय संघ ऋळअ पर भी अपने-अपने पार्टनर के साथ चर्चा चल रही है। ये व्यापार समझौते भारत के युवाओं के लिए नए अवसर लाते हैं।

# इतिहास होने जा रहा ऐतिहासिक पंबन रेलवे ब्रिज

## एक सदी से ज्यादा तक समुद्र की लहरों के बीच खड़ा रहा



**नई दिल्ली।** रामेश्वरम को देश से जोड़ने वाला ऐतिहासिक पंबन रेलवे ब्रिज अब खुद इतिहास होने जा रहा है। नए पंबन ब्रिज के चालू होने के बाद पुराने पंबन ब्रिज को तोड़ने की प्रक्रिया शुक्रवार से ही शुरू हो गई है। यह ऐतिहासिक पुल न सिर्फ इंजीनियरिंग का अद्भुत नमूना रहा है, बल्कि फिल्मों, पर्यटकों और आस्था का भी प्रतीक रहा है।

भारत में अंग्रेजी हुकूमत के दौरान साल 1914 में बने पंबन रेलवे ब्रिज, भारत का ऐसा पहला समुद्री ब्रिज था, जो रामनाथपुरम जिले के मंडपम को रामेश्नरम द्वीप से जोड़ता था। करीब 2.3 किलोमीटर लंबा यह पुल तेज हवाओं, ऊंची लहरों और खारे समुद्री पानी के बची एक सदी से भी ज्यादा समय तक खड़ा है और अपनी सेवाएं देता रहा।

इस पुल की सबसे खास बात यह थी कि इसका कैंटिलीवर और वर्टिकल लिफ्ट सिस्टम, जो जहाजों के निकलने के लिए बीच के हिस्से से ऊपर उठाया जाता था।

पुराना पंबन ब्रिज कई फिल्मों में दिखाया गया है। जिनमें चेन्नई एक्सप्रेस, रावण, कंडुकोनैन कंडुकोनैन के अलावा कई तमिल फिल्मों की शूटिंग भी इसी ब्रिज पर हुई है।

### नया पंबन ब्रिज

पुराने पंबन ब्रिज कमजोर होने के बाद नया पंबन रेलवे ब्रिज तैयार किया गया है। यह आधुकिन तकनीक से लैस है, जो तेज रफ्तार ट्रेन, ज्यादा भार और खराब मौसम को ध्यान में रखकर बनाया गया है। नए ब्रिज की शुरूआत के साथ ही पुराने पंबन ब्रिज को सेवा से बाहर कर दिया गया है। और अब इसे धीरे-धीरे हटाया जा रहा है।

# पश्चिम बंगाल तट पर भारतीय तटरक्षक बल की बड़ी कार्रवाई, अवैध सुपारी तस्करी मामले में जब्त की नाव

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल की सतर्कता और तेजी से की गई कार्रवाई के चलते पश्चिम बंगाल तट पर मछली पकड़ने वाली नाव को जब्त किया गया है, जो कथित तौर पर बांग्लादेश से सुपारी तस्करी कर रही थी। नाव से बांग्लादेश से 2,600 किलो सुपारी की तस्करी पकड़ी गई, जो आईसीजी और कोस्टल पुलिस की संयुक्त निगरानी और तत्परता का सफल नतीजा है। इस बात की जानकारी अधिकारी ने शनिवार को दी है।



जानकारी के अनुसार तटरक्षक को खुफिया जानकारी मिलने के बाद तुरंत आईसीजी बोर्डिंग टीम को मौके पर भेजा गया। वहां 'लक्ष्मीनारायण' नाव खड़ी पाई गई, जिसे जब्त कर लिया गया। टीम ने नाव की पूरी तलाशी ली और उसमें से 52 बैग सुपारी बरामद किए, प्रत्येक का वजन 50 किलो था। कुल बरामद सुपारी 2,600 किलो के बराबर थी।

### ऑपरेशन कब हुआ?

भारतीय तटरक्षक बल के इस कार्रवाई के बारे में आईसीजी स्टेशन फ्रेजरगंज ने जानकारी दी। बताया गया है कि यह ऑपरेशन 22 जनवरी को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जब्त नाव को बाद में फ्रेजरगंज स्थित बेनफिश फिशिंग जेट्टी तक लाया गया। नाव और बरामद माल को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए कोस्टल पुलिस स्टेशन, फ्रेजरगंज के हवाले कर दिया गया है।

### समुद्री क्षेत्रों में भारतीय तटरक्षक बल सतर्कता

मामले में आईसीजी ने कहा कि वह समुद्री सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर तट और समुद्री क्षेत्रों में सतर्कता बनाए हुए है ताकि अवैध गतिविधियों और तस्करी को रोका जा सके। तटरक्षक ने यह भी कहा कि वह देश की सुरक्षा और आर्थिक हितों की रक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है।

# हादसा नहीं, साजिश थी: कांग्रेस सांसद के भतीजे पर लगा पत्नी की हत्या का आरोप, गुजरात पुलिस ने किए कई खुलासे

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में एक नवविवाहित जोड़े की मौत के मामले ने बड़ा मोड़ ले लिया है। शुरूआत में जिसे पुलिस ने दुर्घटनावश गोली चलने की घटना माना था, अब वही मामला इरादतन हत्या और आत्महत्या का निकला है। गुजरात पुलिस के मुताबिक, कांग्रेस सांसद शक्तिसिंह गोहिल के भतीजे यशकुमारसिंह गोहिल ने अपनी पत्नी को जानबूझकर गोली मारी और इसके बाद खुदकुशी कर ली।



पुलिस ने शनिवार को दर्ज एफआईआर में स्पष्ट किया कि प्रारंभिक सबूत यह इशारा करते हैं कि पत्नी की मौत किसी दुर्घटना की वजह से नहीं हुई। पहले कहा गया था कि यशकुमारसिंह ने गलती से अपनी पत्नी को गोली मार दी और फिर खुद को गोली मार ली। लेकिन जांच में सामने आया कि उसने पहले पत्नी राजेश्वरी को गोली मारी और फिर उसी रिवॉल्वर से आत्महत्या की।

यह घटना बुधवार रात अहमदाबाद के बोडकदेव इलाके में स्थित दंपति के आवास पर हुई। यशकुमारसिंह (35) और राजेश्वरी (30) की शादी हाल ही में हुई थी। पुलिस के अनुसार, किसी अज्ञात कारण से यशकुमारसिंह ने पीछे से राजेश्वरी के सिर में गोली मारी। इसके बाद उसने 108 एंबुलेंस सेवा को फोन किया। जब मेडिकल टीम ने राजेश्वरी को मृत घोषित कर दिया, तब उसी कमरे में उसने खुद को गोली मार ली।

गोली लगने का एंगल पीछे से था, जो हादसे की थ्योरी को खारिज करता है। इस्तेमाल की गई रिवॉल्वर लाइसेंसी थी और उसमें सिर्फ दो कारतूस थे। दोनों कारतूस फायर किए गए थे, जिससे जानबूझकर फायरिंग की पुष्टि होती है। रिवॉल्वर का ट्रिगर बिना खास दबाव के नहीं चलता, इसलिए दुर्घटनावश फायर संभव नहीं। हथियार से छेड़छाड़ या गलत हैंडलिंग के कोई संकेत नहीं मिले।

### पुलिस क्या कह रही है?

वस्त्रापुर पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर के मुताबिक, यह स्पष्ट है कि गोली चलना हादसा नहीं था। सहायक पुलिस आयुक्त जयेश ब्रह्मभट्ट ने बताया कि यशकुमारसिंह के खिलाफ पत्नी की हत्या का मामला दर्ज किया गया है। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि हत्या के पीछे की असली वजह क्या थी और क्या किसी तरह का मानसिक या पारिवारिक तनाव इसमें शामिल था।

### आरोपी की पारिवारिक पृष्ठभूमि

यशकुमारसिंह गोहिल गुजरात मैरीटाइम बोर्ड में अधिकारी के तौर पर कार्यरत था। वह वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद शक्तिसिंह गोहिल का भतीजा था। घटना के बाद राजनीतिक हलकों में भी चर्चा तेज हो गई, हालांकि पुलिस ने साफ किया है कि जांच पूरी तरह तथ्यों और सबूतों के आधार पर की जा रही है, किसी भी राजनीतिक दबाव को इसमें जगह नहीं दी जाएगी।

# बच्चों की जान बचाते वक्त विंग कमांडर ने गवाईं थी जान

## अब एसटीएफ ने सुनाया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** सेना की ड्यूटी क्या सिर्फ वर्दी पहनकर तय समय तक ही होती है या फिर यह हर पल निभाई जाने वाली जिम्मेदारी है। इस सवाल का जवाब सशस्त्र बल न्यायाधिकरण ने अपने एक अहम फैसले में दिया है। ट्रिब्यूनल ने बच्चों को डूबने से बचाते हुए जान गंवाने वाले भारतीय वायुसेना के अधिकारी की मौत को सैन्य सेवा से जुड़ा मानते हुए उनकी पत्नी को विशेष पारिवारिक पेंशन देने का आदेश दिया है।

चंडीगढ़ स्थित एएफटी की बेंच ने भारतीय वायुसेना के दिवंगत विंग कमांडर दुर्लभ भट्टाचार्य की पत्नी अनुराधा भट्टाचार्य की याचिका स्वीकार कर ली। ट्रिब्यूनल ने कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी की उस रिपोर्ट को रद्द कर दिया, जिसमें अधिकारी की मौत को सैन्य सेवा से संबंधित नहीं माना गया था। इस फैसले के साथ अब परिवार को साधारण नहीं बल्कि विशेष पारिवारिक पेंशन मिलेगी।



### कैसे हुई थी विंग कमांडर की मौत?

विंग कमांडर दुर्लभ भट्टाचार्य को दिसंबर 2006 में वायुसेना में कमीशन मिला था। 7 फरवरी 2021 को तमिलनाडु की एमराल्ड झील में पारिवारिक पिकनिक के दौरान कुछ बच्चे डूबने लगे। अधिकारी ने बिना देर किए पानी में छलांग लगाई और एक बच्चे की जान बचाई। इसके बाद वह अपनी बेटी को ढूंढने के लिए दोबारा झील में उतरे, लेकिन इसी दौरान उनकी डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने इसे दुर्घटनावश मौत बताया था।

### सेना की ड्यूटी को लेकर ट्रिब्यूनल की सोच

ड्यूटी को केवल दफ्तर के समय या तय स्थान तक सीमित नहीं किया जा सकता। वदीर्धारी सेवाओं में हर समय तैयार रहना ड्यूटी का हिस्सा है। किसी की जान बचाना सैन्य सेवा की मूल भावना से जुड़ा है। पिकनिक जैसे अनौपचारिक मौके पर मौजूद होना ड्यूटी से अलग नहीं करता। काम की प्रकृति अहम है, न कि जगह या समय।

एएफटी ने कहा कि कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी ने ऑन ड्यूटी शब्द की बहुत संकीर्ण व्याख्या की। ट्रिब्यूनल के अनुसार, यह मानना गलत है कि अधिकारी उस समय ड्यूटी पर नहीं थे। सैन्य और आपात सेवाओं में कार्यरत कर्मियों की जिम्मेदारी चौबीसों घंटे होती है। इसलिए बच्चों को बचाने जैसा साहसिक कदम सैन्य सेवा से सीधे जुड़ा है।

### पत्नी की दलील और सरकार का पक्ष

याचिका में अनुराधा भट्टाचार्य ने कहा कि उनके पति छुट्टी पर नहीं थे और हर समय सेवा अनुशासन के दायरे में थे। नागरिकों की जान बचाना सेना के मूल सिद्धांतों में शामिल है। वहीं, सरकारी पक्ष ने तर्क दिया कि दुर्घटनावश डूबने की स्थिति में विशेष पारिवारिक पेंशन का प्रावधान नहीं है। लेकिन ट्रिब्यूनल ने इस दलील को अस्वीकार कर दिया।

यह फैसला सिर्फ एक परिवार को न्याय देने तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य में ऐसे मामलों के लिए मिसाल बनेगा। ट्रिब्यूनल ने साफ कर दिया है कि साहस, कर्तव्य और बलिदान का मूल्य समय और स्थान से तय नहीं होता। यह निर्णय उन सभी वदीर्धारी कर्मियों के सम्मान को मजबूत करता है, जो हर हाल में समाज की रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं।

# 2026 में कई सैटेलाइट लॉन्च करने की योजना आम लोग भी कर सकते हैं चांद का सफर



**नई दिल्ली।** इसरो के चेयरमैन वी नारायणन ने जानकारी दी कि स्पेस एजेंसी कई सैटेलाइट लॉन्च पर काम कर रही है। इन्हें 2026 में लॉन्च करने की योजना बनाई गई है। वी नारायणन ने बताया हम इस साल बहुत सारे सैटेलाइट भेजने की योजना बना रहे हैं। इसके लिए लगातार काम जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के बाद इसकी पूरी घोषणा की जाएगी।

अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने कहा था कि भारत और अमेरिका को मिलकर अंतरिक्ष कार्यक्रमों की खोज करनी चाहिए। इस पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा हमारे पास कई बड़े मिशन लाइन में हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काम कर रहे हैं। हम एक इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। लोगों को चंद्रमा पर भेजने और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाने की योजना बना रहे हैं।

# 'वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की तो बीएलओ पर सख्त कार्रवाई', चुनाव आयोग ने तय किए सख्त नियम

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट की शुद्धता से समझौता करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के खिलाफ सख्त कदम उठाने का फैसला किया है। आयोग ने साफ किया है कि अगर कोई बीएलओ जानबूझकर निदेर्शों का पालन नहीं करता है या लापरवाही करता है, तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।




बीएलओ चुनाव व्यवस्था के जमीनी स्तर के अधिकारी होते हैं, जो अपने बूथ पर वोटर लिस्ट को तैयार करने और अपडेट रखने का काम करते हैं। आम तौर पर एक बूथ पर करीब 970 मतदाता या 300 घर होते हैं।

चुनाव आयोग ने राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को भेजे निर्देश में कहा है कि ड्यूटी में लापरवाही, गलत काम, जानबूझकर आदेश न मानना या वोटर लिस्ट की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाने जैसे मामलों में कार्रवाई जरूरी है।

नए नियमों के तहत, जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) दोषी पाए गए बीएलओ को निलंबित कर सकता है और उसके खिलाफ विभागीय जांच की सिफारिश करेगा। संबंधित विभाग को छह महीने के भीतर कार्रवाई पूरी कर इसकी जानकारी देनी होगी।

अगर मामला आपराधिक प्रकृति का हुआ, तो डीईओ मुख्य निर्वाचन अधिकारी की मंजूरी से बीएलओ के खिलाफ एफआइआर भी दर्ज करा सकता है इसके अलावा, राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी खुद भी या डीईओ की रिपोर्ट के आधार पर बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई का फैसला ले सकते हैं। इस पूरी प्रक्रिया की जानकारी चुनाव आयोग को भी दी जाएगी।

चुनाव आयोग का कहना है कि इन कदमों का मकसद वोटर लिस्ट को पूरी तरह सही, पारदर्शी और भरोसेमंद बनाए रखना है, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया मजबूत हो सके।

# कर्नाटक विधान परिषद में राज्यपाल गहलोत के अपमान के आरोपों पर तीन बार स्थगन

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधान परिषद में शुक्रवार को बार-बार व्यवधान उत्पन्न हुआ, जिसके परिणामस्वरूप कांग्रेस के एमएलसी बीके हरिप्रसाद द्वारा राज्यपाल थावरचंद गहलोत के अपमान के आरोपों पर तीन बार स्थगन किया गया।



दो स्थगनों के बाद परिषद की अध्यक्ष बसवराज होराट्टी ने हरिप्रसाद के आचरण को नैतिकता समिति के पास भेजने का आदेश दिया, जब विपक्षी भाजपा के एमएलसी ने शिकायत दर्ज कराई।

होराट्टी ने हरिप्रसाद की उस मांग को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने राज्यपाल द्वारा राष्ट्रीय गान के अपमान के आरोप पर चर्चाकरने की मांग की थी, क्योंकि वह गान बजने का इंतजार किए बिना सदन से बाहर चले गए थे। हरिप्रसाद ने गुरुवार को गहलोत को रोकने की कोशिश की, जब अन्य कांग्रेस सदस्य ने उनके संबोधन के तुरंत बाद उन्हें 'घेराव' करने का प्रयास किया, जो उन्होंने कर्नाटक विधानमंडल के संयुक्त सत्र में केवल दो पंक्तियां पढ़कर समाप्त किया था। जैसे ही शुक्रवार को सत्र शुरू हुआ भाजपा के एमएलसी ने राज्यपाल से "बदतमीजी" के लिए हरिप्रसाद को सदन से बर्खास्त करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि राज्यपाल का अपमान किया है। हरिप्रसाद को निलंबित करें। परिषद की अध्यक्ष बसवराज होराट्टी ने उग्र एमएलसी को शांत करने की कोशिश की और उनमें से कुछ को फटकार लगाई।

विपक्ष के नेता चालावाड़ी नारायणस्वामी ने कहा कि हरिप्रसाद का आचरण स्वीकार्य नहीं है और कांग्रेस के उस दावे को खारिज कर दिया कि राज्यपाल ने राष्ट्रीय गान का अपमान किया, यह कहते हुए कि गान कभी नहीं बजाया गया क्योंकि गहलोत बाहर जा रहे थे।

हरिप्रसाद ने कहा कि राज्यपाल को राष्ट्रीय गान बजने तक इंतजार करना चाहिए था, लेकिन वह चले गए जो राष्ट्रीय गान का अपमान था। होराट्टी ने कामकाज फिर से शुरू करने के लिए दो और प्रयास किए और दोनों बार उन्हें सदन को स्थगित करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

अशोक ने आपत्ति जताई कि उनके लगाए गए एक्साइज घोटाले के आरोप पर पहले चर्चा की जाए। अध्यक्ष ने कहा कि नोटिस को स्थगन प्रस्ताव के तहत नहीं लिया जा सकता और इस पर बाद में किसी अन्य नियम के तहत चर्चा हो सकती है।

### 2,500 करोड़ रुपये के एक्साइज घोटाले का आरोप

कर्नाटक के एक्साइज विभाग में 2,500 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाते हुए विपक्षी भाजपा ने शुक्रवार को विधानसभा में राज्य के एक्साइज मंत्री आरबी तिम्मापुर के इस्तीफे की मांग की। विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने इस मुद्दे पर दावा किया कि शराब लाइसेंसिंग के माध्यम से एकत्रित रिश्वत चुनावी खर्चों के लिए असम और केरल जैसे चुनावी राज्यों में भेजी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि शराब के लाइसेंस "नीलामी" में बेचे जा रहे हैं, जो निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन है। यह मुद्दा सदन में उस समय विवाद का कारण बना जब अध्यक्ष यूटी खादर ने कांग्रेस के विधायक एएस पोनन्ना से राज्यपाल के संबोधन के लिए धन्यवाद प्रस्ताव लाने को कहा।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। रविवार 25 जनवरी -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम — ट्वीट का करंट

Parveen Singh
5h

हमारे परम मित्र माननीय अनिल चौधरी जी (राष्ट्रीय अध्यक्ष जनसंख्या समाधान फाउंडेशन) जी की बिटिया की शादी में रहना हुआ। शादी में आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित रहे। संघ के वरिष्ठतम. संघ के मार्गदर्शक
परम आदरणीय इंद्रेश जी भाई साहब का सानिध्य मिला। उनका स्नेह और आशीर्वाद हमें लगातार आगे बढ़ने की प्रेरणा देने वाला रहता है। भाई साहब के इस आत्मीय स्नेह
का हृदय की गहराइयों से हार्दिक आभार.



# 2027 के विधायक फेस पर आया पाठकों की प्रतिक्रियाओं का करंट

## सभी ने बताये अपनी पसंद के चेहरे और कहा होना चाहिए इस वाले फेस को ही विधायक




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राजनीति में जन का प्रतिनिधि वही होता है जिसे जनता चाहती है। जनता किस चेहरे को अगले वर्ष यानी 2027 में अपना विधायक देखना चाहिए है। इस सवाल को दैनिक करंट क्राइम ने अपने ही पाठकों से पूछा। जनता ने अपने जनप्रतिनिधि यानी विधायक को लेकर अपनीप्रतिक्रियाओं का करंट दिया। अपने अपने हिसाब से सभी ने अपनी अपनी विधानसभा के उस चेहरे का नाम बताया जिसे वो विधायक देखना चाहते हैं। जनता ने अपनी राय रखी और दैनिक करंट क्राइम ने जनता की इस राय को प्रकाशित किया। करंट क्राइम ने प्रतिक्रियाओं के इस करंट को प्रकाशित किया। दैनिक करंट क्राइम के इस सवाल पर प्रतिक्रियाओं का एक पूरा ऊबाल आया है। जो भी प्रतिक्रियाएं हैं वो जनता की हैं वो दैनिक करंट क्राइम के पाठकों की हैं। यह एक सामान्य सवाल है जिसे दैनिक करंट क्राइम ने जनता की चुनावी नब्ज टटोलने के उद्देश्य से पूछा है। यह किसी भी प्रकार की राजनीतिक दावेदारी को लेकर किया गया कोई सर्वे नहीं है। दैनिक करंट क्राइम ने सिर्फ अपने पाठकों से आज के राजनीतिक माहौल में उनकी सियासी प्रतिक्रिया जानने के उद्देश्य से ये सवाल पूछा। दैनिक करंट क्राइम अपने सभी पाठकों का आभार व्यक्त करता है जिन्होंने सवाल के जवाब में अपनी प्रतिक्रियाएं दी और अपनी पसंद के उस चेहरे का नाम लिया जिसे वो विधायक के रूप में देखना चाहते हैं।

**नाजिम चौधरी**
गाजियाबाद से अभिषेक गर्ग जी को विधायक के रूप देखना चाहते हैं जनता का आशीर्वाद मिला तो... ! गाजियाबाद में समाजवादी पार्टी की सरकार में सब से ज्यादा विकास समाजवादी सरकार में हुआ था।

**कार्तिकत्यागी**
हर दिल अजीज, दिलों के राजा, मुस्कान जिनकी पहचान, सुख दु :ख में सबके साथ खड़े होने वाले, एक बेहतरीन इंसान, हरदम खुद के साथ - साथ दूसरों को भी खुश और मस्त रखने वाले एक अच्छे इंसान हमारे माननीय मंत्री सुनिल कुमार जी।

**साजिब सैफी**
आपके द्वारा पूछा गया सवाल बहुत अच्छा है लेकिन केवल सब अपना पसंदीदा नाम ही यहां पर लिख पा रहे हैं लेकिन सारा खेल जनता के हाथ में होता है जनता किसको पसंद कर देती है। नेता वही जो विकास कार्यों में तेजी लाई।

**अशरफ कुरैशी**
गाजियाबाद वार्ड दो से जिला पंचायत सदस्य व प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य वार्ड, नंबर दो चेयरमैन भोजपुर पब्लिक स्कूल, मोदीनगर क्षेत्र की आन बान शान बड़े भाई नदीम चौधरी भोजपुर।

**निखिल प्रजापति**
भाजपा परिवार का हर चेहरा विधायक हो सकता है क्योंकि जब माननीय नितिन नवीन जी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकते है जो कभी रेस मे सुना ही नहीं जो भी विधायक की रेस मे होगा भाजपा परिवार से होगा।

**विनोद कर्दम**
पूर्व विधायक स्व. श्री सुरेश बंसल जी ने जो कार्य गाज़ियाबाद मे कराये है वो मील का पत्थर है उनके परिवार से कोई लड़े तो जनता उन को जनमत दे कर विजयश्री जरूर देगी।

**संजय शर्मा एडवोकेट**
इस बार हम जैसे नए चेहरे को मौका दिया जाना चाहिए। हर बार पुराने की क्यों दोहराए जाए। नए ऊर्जावान और जनता के के बीच में रहने वाले हम जैसे नौजवानों को मौका अवश्य दिया जाना चाहिए।

**सुमित चौधरी गुर्जर**
सिद्धार्थ प्रसांत चौधरी, प्रसांत चौधरी एमएलसी।

**संजीव कुमार**
अभिषेक गर्ग सदर विधानसभा सीट से सबसे योग्य एवं शिक्षित उम्मीदवार हैं।

**मनोज गर्ग**
श्रीमान संजीव गुप्ताजी (समरकूल वाले)

**सिराजुद्दीन सैफी**
रिजवान खान मीर जी गाज़ियाबाद।

**सुनील भारती**
संजीव शर्मा कांग्रेस पार्टी।

**मीना कौशिक**
यैस दीपक भाटी।

**अनुराग त्यागी**
भाई श्रवण त्यागी मोदीनगर विधानसभा।

**अकरम खान**
समाजवादी गाजियाबाद सदर सीट चेहरा विधानसभा से बड़े भाई अभिषेक गर्ग जी।

**तनुज गम्भीर एसपीओ**
नए युवा पढ़े लिखे चेहरे सामने आने चाहिए। जो जनता का दर्द समझे, चाहे किसी भी पार्टी से हो।

**पवन रेड्डी**
गाजियाबाद से किसको टिकट मिलेगा, अतुल गर्ग जी के लड़के को।

**इंदु तोमर**
क्या आप को अपने ऊपर विश्वास नहीं है, आप भी बन सकते हो मोदी है तो मुमकिन है।

**कमल पाटिल**
आप टिकट बांट तो नहीं सकते पर कार्यकर्ता को लड़वाने का काम जरूर करवा सकते हैं। जय भाजपा तय भाजपा।

**सुभाष चंद गौतम**
मैं उत्तर प्रदेश की विधानसभा में इस बार 209 विधायक आजाद समाज पार्टी के बनते हुए देखना चाहता हूं और मेरा भी चेहरा विधायक बनने के लिए लिस्ट में शामिल हो ऐसा मेरा विश्वास है।

**मनोज पंडित**
आपके द्वारा पूछा गया सवाल बहुत अच्छा है लेकिन केवल सब अपना पसंदीदा नाम ही यहां पर लिख पा रहे हैं लेकिन सारा खेल जनता के हाथ में होता है जनता किसको पसंद कर देती है आपके और हमारे द्वारा नाम लिखे जाने से कोई ना तो विधायक बनेगा ना किसी को पसंद आएगा विधायक वह होना चाहिए जो हमेशा जनता के बीच में रहता हो जनता के सुख दुख दर्द में हमेशा शामिल होता हो और विकास कार्यों में तेजी लाई।

**सुनील जिंदल**
समाजवादी गाजियाबाद सदर सीट से अभिषेक गर्ग जी विधायक जी का चेहरा।

**आकाश वर्मा**
सब राजनीति लोकल मीडिया वाले लोग ही कर लें अब। वैसे भाजपा में एक ही चेहरा होता है कमल का फूल। जिसको संगठन टिकट देगी वही हमारा विधायक होगा और भरी मतों से जीतेगा।

**आशीष अग्निहोत्री**
आप भी भाई पूरा कुरेद कर खबर बनाते हैं।

**सुनित त्यागी**
वर्तमान विधायक तो है ही। सबके अलावा जो एक विशेष नेता है वो पप्पू पहलवानजी है। इनको नए चेहरे के तौर पर पार्टी को विधायक का टिकट देना चाहिए।

**पुनित बरारा**
कोई नहीं है टक्कर में मुरादनगर अजीतपाल त्यागी।

**पवन रेड्डी**
सिर्फ और सिर्फ सुनील शर्मा जी जिसे आप नफरत करते दीपक भाटी जी।

**समीर अली**
विधानसभा साहिबाबाद से पंडित अमरपाल शर्मा विधायक-साहिबाबाद जी को।

**ईश्वर चंद**
प्रसांत चौधरी।

**प्रेमप्रकाश चिन्नी भाई**
श्री सुशांत गोयल जी। सुपुत्र गाजियाबाद जननायक स्व.श्री सुरेंद्र प्रकाश गोयल पूर्व सांसद,पूर्व विधायक, पूर्व चेयरमैन,पूर्व सभासद , गरीबों का मसीहा।

**संदीप पंडित**
बडे भाई संजीव शर्मा जी।

**विधु गर्ग**
कोई भी हो, बीजेपी का ही होगा, सारे नेता ही एक से है।

**जय प्रकाश भारद्वाज**
बीजेपी जिसको लड़ा देगी, वही विधायक बनेगा।

**पवन शर्मा**
सिर्फ और सिर्फ विकास पुरुष संजीव शर्मा जी।

**वरुण पंडित**
शहर सीट से लोकप्रिय नेता सबके चहीते सबके लाडले श्री मयंक गोयल जी।

**हिमांशु शर्मा**
मेरी चाहत है सुनीता दयाल जी को विधानसभा में भेजा जाए।

**संजय गौतम**
प्रशांत चौधरी।

**पंचम चौधरी**
पंडित श्री अमरपाल शर्मा जी।

**हेमराज माहौर**
गाजियाबाद के लोकप्रिय विधायक बड़े भाई संजीव शर्मा जी।

**अजय गुप्ता**
जिसकी लाठी उसकी भैंस।

**गौरव चौधरी**
संजीव शर्मा।

**सुनित त्यागी**
पप्पू पहलवानजी इतनी मेहनत और लगन से काम कर रह है, वे इसके हकदार हैं।

**गोपी कश्यप**
अजय शर्मा।

**महिम गुप्ता**
संजीव भईया।

**अनुपम शर्मा**
हमारे बड़े भाई माननीय विधायक संजीव शर्मा जी।

**कपिल राव यादव**
संजीव शर्मा मुरादनगर से।

**हेमन्त जोशी**
माननीय जनसेवक गाजियाबाद भाजपा कार्यकर्ताओं के जिगर के टुकड़े हमेशा अपनी मुस्कान से सभी का दिल जीत लेने वाले क युवा मोर्चा अध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्ष तक के रिकॉर्ड तोड़ ऐतिहासिक सफर से विधायक बनने वाले युवाओं से लेकर वरिष्ठों तक में मशहूर एक ही नाम गाज़ियाबाद की शान संजीव शर्मा। 2027 में फिर से कमल निशान। इसके अलावा अगर दूसरे ब्राह्मण प्रत्याशी पर जिले में पार्टी टिकट दे तो कल को अजय शर्मा जी भी मजबूत नेता है वो भी कल को विधायक से लेकर मेयर का चुनाव भी मजबूती से लड़ सकते हैं।

**कुलदीप कुमार**
मैं तो सिर्फ एक बात कहना चाहता हूं पंडित अमरपाल शर्मा जी विधायक बन जाएंगे तो खोड़ा में गंगा जल जाएगा अन्यथा बिल्कुल नहीं आएगा, और यह सब खुदा की जनता को पता है लेकिन कुछ लोग उनको भटक रहे हैं।

**पवन रेड्डी**
दीपक जी।

**सिंपी सिंह**
जी हम स्वयं को विधायक के रूप में देखना चाहते हैं क्योंकि हमें मौजूदा विधायक जी ने ये अहसास दिला चुके हैं कि अभी भी हम ही विधायक हैं सभी का व्यवहार अति उत्तम सराहनीय है।

**राहुल पंडित**
महानगर मंत्री संजय रावत जी।

**नितिन त्यागी**
सदर सीट से अभिषेख गर्ग। सरवन कुमार त्यागी मोदीनगर।

**संजीव कौशिक**
मुरादनगर से डा.सजीव शर्मा जी।

**चंद्रपाल सिंह**
मुरादनगर से अजित पाल त्यागी।

**शैली इंडिया**
जी बिलकुल महिला मोर्चा में सभी बहने विधायक बनने योग्य हैं।

**गौरव बंसल**
मयंक गोयल जी को।

**प्रीति शर्मा**
विधान सभा 56 में किसी को भी टिकट मिल जाए जीत भारी मतों से होगी। टिकट अगर मुझे मिल गया विधायक का तो मैं भी जीत ही जाऊंगी।

**राहुल सौनी**
अजित पाल त्यागी।

**भूषण शर्मा**
मेरा मन तो नीरज सिंह और संजीव शर्मा जी प्रवीण सिंह को 2027 में गाजियाबाद के विधायक के रूप मे देखना चाहता हूं।

**सतेन्द्र सिंह**
मैं खुद अपने आपको देखना चाहता हूँ।

**हिमांशु सेन ठाकुर**
गाजियाबाद विधानसभा में संजीव शर्माजी और साहिबाबाद विधानसभा अजय शर्मा।

**अश्विनी**
पप्पू पहलवान।

**पहलवान लाल सिंह यादव**
दीपक भाटी जी।

**विनित त्यागी**
हर दिल की धड़कन हमेशा अजित पाल त्यागी।

**मौ. युनुस कुरैशी**
मेरे हिसाब से यतेंद्र नागर एक ऐसा चेहरा है मेरे जहन में जिसे मै 2027 में विधायक देखना चाहता हुँ।

**राहुल गिरि गोस्वामी**
मुरादनगर अजीतपाल त्यागी जी।

**पंकज गौर**
काफी विधायक दुबारा विधायक नही बनेंगे 2027 में।

**अमित कुमार**
माननीय कैबिनेट मंत्री श्री सुनील शर्मा जी जिंदाबाद।

**राहुल पंडित**
कमल का फूल।

**पवन रेड्डी**
दीपक जी क्या आप बीजेपी का टिकट बांट रहे हो।

**राकेश स्वामी**
युवा और नया चेहरा।

**सतपाल यादव**
अभिषेक गर्ग।

**संजीत गिरि**
सभी कार्यकर्ता चाहते हैं जो टिकट हमें मिल जाए परंतु टिकट जिन्हें मिलेगा चुनाव तो वही लड़ेगा और वही विधायक बनेंगे।

**उद्यान गर्ग**
महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, पार्टी को इस बार इनको मौका देना चाहिए।

**महेश तोमर**
महागुरु अजय शर्मा जी।

**धर्मेन्द्र चौधरी**
संजीव शर्मा जी।

**देवेन्द्र पायल**
मुरादनगर का लाल भाई अजित पाल त्यागी दल नहीं दिल से अजित भाई फिर से।

**बलराम रावल**
शहर विधानसभा से मयंक गोयल।

**अभिनव बंसल**
महानगर अध्यक्ष जी माननीय श्री मयंक गोयल जी।

**अंकुर तेवतिया**
ब्रजपाल तेवतिया।

**पहलवान नवीन त्यागी**
जिस पर समाजवादी सरकार में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं पर मुकदमे लगाए गए हो उसको विधानसभा का टिकट मिलना चाहिए है ढूंढो उसे।

**आशीष चांदीवाल**
मुन्नी जी अच्छे विधायक थे हम चाहते है वे पुन: एक बार विधायक बने साफ छवि ईमानदार नेता है।

**सुधीर शर्मा**
सदर सीट के लिये सौम्या,सरल,सहज एव लोकप्रिय विधायक संजीव शर्मा जी।

**संजय शर्मा**
केवल और केवल.... साहिबाबाद विधायक श्री सुनील शर्मा जी। जिंदाबाद ......जिंदाबाद।

**भूमिपुत्र प्रियरंजन सिंह**
साहिबाबाद से सुनील कुमार शर्मा जी। शहर सीट से संजीव शर्मा जी। लोनी से नंदकिशोर गुर्जर जी। मुरादनगर से अजितपाल त्यागी जी। धौलाना से धर्मेश तौमर जी।

**गब्बर सिंह**
मुरादनगर के लाल....भाई अजितपाल।

**अनिल डागर**
संजीवजी।

**गगन सिंह अरोड़ा**
भाई मयंक गोयल जी।

**स्पर्श अग्रवाल**
माननीय विधायक बड़े भैया श्री संजीव शर्मा जी।

**संदीप शर्मा**
विधानसभा में जितना काम हुआ है उसको देखते हुए केवल हमें अपना विधायक संजीव शर्मा चाहिए।

**मनोज बेबाक**
किसी भी समर्पित संघर्षरत सत्य विश्वसनीय निष्ठावान पथ पर अग्रसर धरातल पर सही कार्य करता हो उन्ही को मिले ,,,,,

**गुड्डू तिवारी**
वर्तमान परिस्थितियों में तो मुझे अपना ही चेहरा सबसे अच्छा नजर आ रहा है ?

**सोनू भाटी**
दीपक भाई जी सभी भाजपा के कार्यकर्ता विधायक बन सकते हैं मगर टिकट पार्टी तय करेगी किसको टिकट मिलेगा मगर मेरी इच्छा है कि मुझे भी विधायक का टिकट मिले। जय श्री राम।

**विनित भारद्वाज**
सुरेन्द्र कुमार मुन्नी।

**ममता मेहरा**
साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र से हम माननीय कैबिनेट मंत्री श्री सुनील कुमार शर्मा जी को ही अपने प्रतिनिधि के रूप में देखना चाहते हैं। देश, प्रदेश और समाज के प्रति समर्पित, ईमानदार, संघर्षशील और निष्ठावान ऐसे जनसेवक विधायक की हमें हमेशा आवश्यकता है। साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र से बार-बार विधायक चुने जाने पर उन्हें हमारी हार्दिक शुभकामनाएं। हम आशा करते हैं कि वे आगे भी क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा में निरंतर कार्य करते रहेंगे।

**सोनू त्यागी काकरा**
संजीव शर्मा जी का काम सबसे अच्छा है,नंदकिशोर गुर्जर लोनी से।

**देवेंद्र सैन**
अगर पार्टी मुझे टिकट दे तो जीतकर विधायक तो मैं ही बन जाऊंगा क्योंकि गाजियाबाद से तो भाजपा जीतती है।

**संजीव वाल्मीकि**
जी हां संजीव शर्मा जी और वो भी पूरे 5 साल के लिए। संजीव शर्मा जिंदाबाद।

**बबलू त्यागी भदोली**
आदरणीय श्री अजीत पाल त्यागी जी, आपका कार्य और व्यवहार सराहनीय है, इसमें कोई संदेह नहीं है।

**राजीव कुमार शर्मा**
आपसे बढ़िया और कौन हो सकता है अटल जी की तरह आप भी सभी दल स्वीकार्य हो भाटी जी।

## संपादकीय

### संकट में वितरण क्षेत्र

देश का बिजली क्षेत्र जिसकी पहचान एक समय बिजली की कमी, उसके बार-बार गुल होने और अत्यधिक घाटे से थी, अब उसके पास 500 गीगावॉट से अधिक की स्थापित क्षमता है और बिजली की कमी लगभग बीते कल की बात हो चुकी है। हर घर बिजली पहुंचाने में कामयाबी मिली है, नवीकरणीय ऊर्जा के लक्ष्य समय से पहले हासिल हो चुके हैं और ग्रिड की विश्वसनीयता में भी ठोस सुधार हुआ है। इसके बावजूद यह क्षेत्र वित्तीय समस्याओं, कीमतों में विसंगति और संस्थागत कमियों से जूझ रहा है। खासतौर पर वितरण के क्षेत्र में अधिक दिक्कतें हैं। केंद्रीय विद्युत मंत्रालय ने जो मसौदा राष्ट्रीय बिजली नीति (एनईपी) 2026 तैयार की है वह चुनौतियों का सामना करने के लिए बनाई गई है। यह पिछले वर्ष के अंत में जारी किए मसौदा विद्युत (संशोधन) विधेयक के बाद आई है। नीति पत्र में उठाए गए कुछ मुद्दों को प्रस्तावित विद्युत संशोधन विधेयक द्वारा संबोधित किए जाने की उम्मीद है। नीति उचित ही यह स्वीकार करती है कि शुल्क की अव्यवस्था इस क्षेत्र की समस्याओं के मूल में है। यद्यपि वितरण कंपनियों ने कई वर्षों तक नुकसान झेलने के बाद 2024-25 में शुद्ध लाभ दर्ज किया, फिर भी बार-बार उबारे जाने के बावजूद उनका बकाया ऋण लगभग 7.1 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। राजनीति में उलझी दरें, नियामक आदेशों में देरी, और बिजली मूल्य निर्धारण को कल्याणकारी साधन के रूप में लगातार उपयोग किए जाने से यह स्थिति उत्पन्न हुई है।

उल्लेखनीय है कि यह मसौदा अनुशासन लागू करने के प्रयास में इंडेक्स आधारित, स्वचालित टैरिफ संशोधन का प्रस्ताव करता है। यदि राज्य नियामक वित्त वर्ष शुरू होने से पहले टैरिफ आदेश जारी करने में विफल रहते हैं, तो टैरिफ पूर्व-निर्धारित लागत सूचकांक का उपयोग करके स्वत: समायोजित हो जाएंगे। यह उन नकदी प्रवाह संकटों को रोक सकता है, जिन्होंने इकाइयों को बकाया और ऋण चक्रों में धकेल दिया है। क्रॉस सब्सिडी को रोकने की कोशिश करना भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है। इसने देश में औद्योगिक इस्तेमाल वाली बिजली की शुल्क दरों को दुनिया की सबसे ऊंची शुल्क दरों में शामिल कर दिया है। दशकों से उद्योग और वाणिज्य का उपयोग कृषि और घरेलू उपभोक्ताओं को सब्सिडी देने के लिए किया जाता रहा है। इससे विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता कमजोर हुई है, लॉजिस्टिक्स लागत बढ़ी है, और इसने बड़े उपभोक्ताओं को कैप्टिव बिजली उत्पादन के माध्यम से सार्वजनिक ग्रिड से बाहर निकलने के लिए प्रेरित किया है।

इस संदर्भ में, प्रस्तावित नीति क्रॉस-सब्सिडी में क्रमिक रूप से कमी, आपूर्ति की औसत लागत का न्यूनतम 50 फीसदी टैरिफ फ्लोर, और विनिर्माण इकाइयों, रेलवे तथा मेट्रो प्रणालियों जैसे बड़े उपभोक्ताओं के लिए क्रॉस-सब्सिडी और अतिरिक्त अधिभार से छूट का प्रस्ताव करती है।

# क्या डीजीसीए की सख्ती से इंडिगो को बदलनी पड़ी रणनीति?




**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने घरेलू हवाई अड्डों पर 700 से अधिक स्लॉट खाली कर दिए हैं। यह कदम नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा इंडिगो की शीतकालीन उड़ानों में 10 प्रतिशत कटौती के निर्देश के बाद उठाया गया है। सूत्रों के मुताबिक, इंडिगो ने कुल 717 स्लॉट छोड़े हैं।

**किन शहरों के स्लॉट छोड़े गए? :** इनमें से 364 स्लॉट देश के छह प्रमुख महानगरों, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बंगलूरू और हैदराबाद के हैं। इनमें सबसे अधिक स्लॉट हैदराबाद और बंगलूरू से खाली किए गए हैं। छोड़े गए स्लॉट जनवरी से मार्च के बीच फैले हुए हैं, जिनमें मार्च में सबसे अधिक 361 स्लॉट शामिल हैं।

**मंत्रालय का निर्देश :** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अन्य एयरलाइनों से इन खाली स्लॉट पर उड़ान संचालन के लिए आवेदन मांगे हैं। मंत्रालय के अनुसार, इंडिगो ने यह स्लॉट उस समय छोड़े जब दिसंबर की शुरूआत में उसकी घरेलू उड़ानों में 10 प्रतिशत कटौती की गई थी।

मंत्रालय के अनुसार, स्लॉट के पुनर्वितरण को लेकर गठित समिति की पहली बैठक 13 जनवरी को हुई थी। इसके बाद एयरलाइनों से उनकी प्राथमिकताओं और अनुरोधों को भेजने को कहा गया है। शर्तों के तहत, एयरलाइनों को अपने मौजूदा रूट बंद किए बिना ही खाली स्लॉट का उपयोग करना होगा।

**डीजीसीए के निर्देशों के बाद एयरलाइन की उड़ानों की संख्या कितनी घटी? :** इंडिगो आम तौर पर रोजाना 2,200 से अधिक उड़ानें संचालित करती है। लेकिन डीजीसीए के निर्देश के बाद उसकी घरेलू उड़ानों की संख्या घटकर करीब 1,930 प्रतिदिन रह गई है। इससे पहले शीतकालीन कार्यक्रम में इंडिगो को प्रति सप्ताह 15,014 उड़ानों की अनुमति थी, जो औसतन 2,144 उड़ानें प्रतिदिन होती थीं।

**दिसंबर में इंडिगो संकट से परेशान हुए यात्री :** दिसंबर की शुरूआत में इंडिगो को भारी परिचालन संकट का सामना करना पड़ा था। 3 से 5 दिसंबर के बीच एयरलाइन ने 2,507 उड़ानें रद्द कीं और 1,852 उड़ानें विलंबित हुईं, जिससे देशभर में तीन लाख से अधिक यात्री प्रभावित हुए। इसके बाद डीजीसीए ने उड़ानों में कटौती का फैसला लिया।

**विशेषज्ञों की राय :** उड्डयन उद्योग के विशेषज्ञों का कहना है कि इंडिगो द्वारा छोड़े गए स्लॉट को अन्य एयरलाइनों द्वारा अस्थायी रूप से ही इस्तेमाल किया जा सकता है, क्योंकि मार्च के बाद ये स्लॉट वापस इंडिगो को मिल सकते हैं। कम समय के लिए नए रूट शुरू करना एयरलाइनों के लिए व्यावहारिक नहीं है। वहीं, कई स्लॉट देर रात या सुबह तड़के (रेड-आई फ्लाइट्स) के हैं, इसलिए अन्य एयरलाइनों की रुचि सीमित रह सकती है। डीजीसीए ने 17 जनवरी को दिसंबर में हुई उड़ान बाधाओं को लेकर इंडिगो पर कुल 22.20 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया था और सीईओ पीटर एल्बर्स समेत वरिष्ठ अधिकारियों को चेतावनी दी थी। साथ ही, एयरलाइन को 50 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी जमा करने का निर्देश दिया गया।

डीजीसीए के मुताबिक, उड़ानों में भारी व्यवधान का मुख्य कारण पर्याप्त फ्लाइट क्रू की कमी, नियामकीय तैयारी में कमजोरी, सॉफ्टवेयर सिस्टम की खामियां, प्रबंधन संरचना की कमजोरियां और संचालन नियंत्रण में कमी रही।

# भारतीय व्यवसायों को वैश्विक मंच देगा जोहो

## एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग प्लेटफॉर्म लॉन्च




**तंजावुर।** जोहो ने भारतीय व्यवसायों को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को कुंभकोणम से जोहो एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। जोहो के सह-संस्थापक व चीफ साइंटिस्ट डॉ. श्रीधर वेम्बु ने कहा, ईआरपी प्लेटफॉर्म में ऐसे फीचर्स को शामिल किया गया है जो मौजूदा पारंपरिक प्लेटफार्म में नहीं है। जहां पहले से उपलब्ध अन्य प्लेटफार्म में एआई को एक अतिरिक्त लेयर के रूप में जोड़ा जाता है, वहीं जोहो ईआरपी के पूरे प्लेटफार्म में पहले से इसे समाहित किया गया है। मेड इन इंडिया, एआई नेटिव जोहो ईआरपी भारतीय व्यवसायों को वैश्विक स्तर पर विकास करने में सक्षम बनाएगा।

वेम्बु ने कहा, जोहो ईआरपी भारतीय व्यवसायों को सरलता से कम लागत में आगे बढ़ने में सहायक होगा। इस एक ही प्लेटफार्म में कोर फाइनेंशियल मैनेजमेंट, बिलिंग, स्पेंड मैनेजमेंट, सप्लाई चेन मैनेजमेंट, आमेनीचैनल कॉमर्स और पेरोल मैनेजमेंट को इंटीग्रेट किया गया है। एसेट मैनेजमेंट, बजटिंग, वित्तीय समापन की सुविधा भी दी गई है।

**एक सपने जैसा... :** यह हमारे लिए एक सपने जैसा है। 15 साल से अधिक समय से हम इस पर काम कर रहे थे। इसका यूजर इंटरफेस मॉर्डन होने के साथ इतना यूजर फ्रेंडली है कि इसे अपनाना बहुत सरल होगा। प्लेटफार्म को आसानी से कस्टमाईज किया जा सकता है। - डॉ. श्रीधर वेम्बु, सह संस्थापक, जोहो

जोहो ईआरपी में मैन्यूफैक्चरिंग, डिस्ट्रीब्यूशन, रिटेल और नॉन प्रॉफिट संगठनों के लिए उनकी जरूरत के अनुसार फीचर्स हैं। यह उनकी संचालन और अनुपालन से जुड़ी विशेष जरूरतों को पूरा करता है। इससे प्रोक्योरमेंट, प्रोडक्शन प्लानिंग से लेकर अंतिम बिक्री तक सभी चरणों का प्रबंधन कर सकते हैं। एआई फीचर इस प्लेटफार्म को और भी खास बनाता है। आस्क जिया के जरिए वॉयस आधारित सहायता, स्वचालन, विसंगती या गड़बड़ी का पता लगाना, प्रेडक्टिव इनसाइट्स और वित्त व संचालन में पूरी दृश्यता मिलती है।

# टैरिफ संकट के बीच केंद्र का बड़ा दांव, विनिर्माण बढ़ाकर 2035 तक निर्यात तीन गुना करने का लक्ष्य




**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितता और उच्च टैरिफ संकट के बीच भारत भारी खर्च करने के बजाय रणनीतिक बदलावों के जरिये विनिर्माण को बढ़ावा देकर 2035 तक देश के निर्यात को तीन गुना करने की योजना बना रहा है। दो सरकारी अधिकारियों ने बताया, इसके लिए प्रधानमंत्री की तीसरी ऐसी कोशिश में देश 15 क्षेत्रों में विनिर्माण को प्राथमिकता दे रहा है, जिसमें हाई-एंड सेमीकंडक्टर, मेटल और श्रम आधारित लेदर इंडस्ट्री शामिल हैं। इसका मकसद भारत की आर्थिक वृद्धि को बढ़ाना और माल निर्यात को सालाना 1.3 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचाना है।

दरअसल, मोदी सरकार जीडीपी में विनिर्माण का हिस्सा दोगुना कर 25 फीसदी करने में दो बार नाकाम रही है। पहला...2014 में मेक इन इंडिया अभियान के जरिये और दूसरा... 2020 में 23 अरब डॉलर के प्रोत्साहन पैकेज के साथ। नीति निमार्ताओं में शामिल एक अधिकारी ने बताया, पिछले कुछ वर्षों में सरकार की कई पहलों के बावजूद विनिर्माण में धीमी वृद्धि देखने को मिली है। अब तीसरी कोशिश में बदलाव लाने के लिए एक साहसिक, फोकस्ड और एकजुट रणनीति की जरूरत है। ब्यूरो/एजेंसी

**लालफीताशाही कम करने पर जोर :** अधिकारियों ने बताया, सरकार ने योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए एक पैनल बनाया है, जिसका फोकस बड़ी परियोजनाओं के लिए तेज नियामकीय मंजूरी, जमीन और सस्ता फाइनेंस उपलब्ध कराने पर होगा।

# टैरिफ संकट में भारत-ईयू एफटीए से बदलेगा खेल

## वैश्विक बाजार में भारत की पकड़ होगी और मजबूत



**नई दिल्ली।** भारत का यह पिछले चार वर्षों में 9वां व्यापार समझौता होगा, जो यह दिखाता है कि जब वैश्विक व्यापार ज्यादा संरक्षणवादी हो रहा है, तो देश वैश्विक बाजार में अपनी मजबूत जगह बनाने की कोशिश कर रहा है। ईयू के साथ एफटीए कपड़ा और आभूषण जैसे भारतीय उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा दे सकता है, जो अगस्त अंत से लागू 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित हुए हैं।

थिंक टैंक जीटीआरआई का कहना है, भारतीय उत्पादों पर औसत ईयू टैरिफ करीब 3.8 फीसदी है, लेकिन टेक्सटाइल और कपड़ों जैसे लेबर आधारित सेक्टर पर करीब 10 फीसदी ड्यूटी लगती है।

यह समझौता 2023 के जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रेफरेंसेज के तहत कपड़ों, फार्मास्यूटिकल्स और मशीनरी उत्पादों पर टैरिफ रियायतें वापस लेने के बाद खोई हुई प्रतिस्पर्धा को बहाल करने में मदद करेगा। उच्च टैरिफ के असर को भी कम करेगा।

भारतीय पेशेवरों और आईटी सेवाओं के निर्यात के लिए यूरोपीय संघ के दरवाजे खुल सकते हैं।

ईयू के लिए यह सौदा आपूर्ति शृंखला में विविधता लाने और चीन पर निर्भरता कम करने में मददगार होगा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- मच्छर दुनिया में किसी भी अन्य जानवर की तुलना में अधिक मौत का कारण बनता है। वे मलेरिया, डेंगू बुखार, और पीले बुखार सहित बीमारियों के वाहक होते हैं जिन्हें मच्छर रक्त चूसते समय मनुष्यों और जानवरों को प्रसारित किया जा सकता है।
- अफ्रीका और ओशिनिया (ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड) के कुछ हिस्सों में, मच्छरों को मोजीज के रूप में जाना जाता है।
- जीवविज्ञानी आनुवंशिक रूप से संशोधित मच्छरों का उपयोग करके मलेरिया से लड़ रहे हैं जो प्रतिरक्षक हैं और इस प्रकार इसे प्रसारित करने में असमर्थ हैं। दूसरे शब्दों में, मनुष्यों में मलेरिया को ठीक करने का सबसे आसान तरीका मच्छरों को ठीक करना है।
- मच्छरों में छह पैर और पंखों की एक जोड़ी होती है। वे अपने पंख 450 से 600 गुना केवल एक सेकंड में फडफडा सकते हैं, जो सामान्य गूंज ध्वनि बनाता है।
- जब एक मादा मच्छर खून को चूसती है तो उसका पेट फैलता है और रक्त को अपने शरीर के वजन से 3 गुना अधिक स्टोर कर सकता है।

## राशिफल

**मेष:** आज का दिन व्यावसायिक गतिविधि के लिए अनुकूल है। समय के साथ-साथ आपको अपने जीवन में नए-नए परिवर्तन देखने को मिलेंगे।

**वृष:** दिन थोड़ा कमजोर रह सकता है। विशेष रूप से स्वास्थ्य को लेकर इसलिए खान-पान पर विशेष ध्यान दें और आवश्यकता अनुसार एक्सरसाइज करें।

**मिथुन:** दिन पहले की अच्छा रहेगा। लाभ के कुछ अवसर प्राप्त हो सकते हैं। इस राशि के जो लोग बेरोजगार है, उन्हें रोजगार पाने का सुनहरा अवसर मिल सकता है।

**कर्क:** अनावश्यक खर्च आपके बजट को असंतुलित कर सकते हैं। आपके लिए जरूरी है कि आप उन्हें नियंत्रित करें और सुरक्षित भविष्य के लिए कुछ फंड बचाएं।

**सिंह:** आपके लिए आज का दिन बेहतर तरीके से गुजरेगा। अपनी किसी रूचि को आज लोगों के सामने लेकर आएंगे जिससे लोग आपके मुरीद हो जाएंगे।

**कन्या:** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आर्थिक योजनाओं में किया गया निवेश लाभदायक हो सकता है। आपकी सेहत बेहतर रहेगी।

**तुला:** आज आप सुबह व्यायाम करें, अतिरिक्त लाभ मिलेगा। व्यापार में भी आय बढ़ने की और उगाही की वसूली की संभावना है।

**वृश्चिक:** आपके लिए आज का दिन सामान्य ही रहेगा। परिवार के लोगों का व्यवहार आपको कुछ दुख दे सकता है। किसी की कड़ी बात आपको चुभ सकती है।

**धनु:** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। करियर के मामले में आपको कोई बड़ी सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर:** साथी किसी काम की वजह से झुंझलाहट महसूस करेगा फिर भी जीवन की सभी समस्याओं को नजरअंदाज करते हुए साथी आपके साथ खड़ा रहेगा।

**कुंभ:** आज आपको अपने धन को कई गुना बढ़ाने का मौका मिल सकता है। कोई ऐसा ऑफर आ सकता है जो आपको उम्मीद से अधिक धन देने का भरोसा दिलाएगा।

**मीन:** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज आप उन चीजों को ज्यादा महत्व देंगे, जो आपके साथ ही आपके परिवार के लिए भी महत्वपूर्ण है।

## चुटकुले

मास्टर जी- अगर पृथ्वी के अंदर लावा है तो बाहर क्या है ?
टीटू- मास्टर जी बाहर ओप्पो और वीवो है।

---

टीटी ने गोलू को प्लेटफॉर्म पर पकड़ लिया।
टीटी- टिकट दिखाओ।
गोलू- अरे मैं ट्रेन में आया ही नहीं।
टीटी- क्या सबूत है?
गोलू- अबे सबूत यही है कि मेरे पास टिकट नहीं है।

---

गर्लफ्रेंड- सुनो, मेरी स्किन बहुत ऑयली-ऑयली सी हो गई है...
बताइए ना, मैं क्या लगाऊं?
बॉयफ्रेंड- ये लो विम बार, ये पूरी चिकनाई हटा देगा।
फिर बॉयफ्रेंड की हुई जोरदार कुटाई और फिर ब्रेकअप।

## 25 01 2026 करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं — आज के जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# बांग्लादेश के समर्थन में पाकिस्तान, 'ट्रॉफी चोर' नकवी के बड़े बोल; आईसीसी पर लगाया पक्षपात का आरोप



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की जिद ने उन्हें आखिरकार टी20 विश्व कप 2026 में खेलने से वंचित कर दिया। शनिवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने बोर्ड के सभी सदस्यों को बांग्लादेश को बाहर करने और स्कॉटलैंड को शामिल करने की जानकारी दे दी। खेल की वैश्विक संस्था के इस फैसले के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हाय-तौबा मचाना शुरू कर दिया। पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने एक तरफ आईसीसी पर बांग्लादेश मामले में पक्षपात का आरोप लगाया तो दूसरी तरफ यह भी संकेत दिया कि पाकिस्तान भी आगामी विश्व कप से बाहर हो सकता है।

आईसीसी के फैसले के बाद पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि अंतिम निर्णय पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से चर्चा के बाद लिया जाएगा। उन्होंने कहा, 'विश्व कप में हिस्सा लेने के बारे में हमारा रुख वही होगा जो पाकिस्तान सरकार हमें बताएगी। प्रधानमंत्री अभी पाकिस्तान में नहीं हैं। जब वह वापस आएंगे, तो मैं आपको हमारा आखिरी फैसला बता पाऊंगा। यह सरकार का फैसला है। हम उनकी बात मानते हैं, आईसीसी की नहीं।' उन्होंने आगे कहा, 'अगर पाकिस्तान की सरकार कहती है कि हमें नहीं खेलना चाहिए, तो हो सकता है कि आईसीसी (स्कॉटलैंड के बाद) 22वीं टीम ले आए। यह सरकार पर निर्भर करता है।' बता दें कि, पाकिस्तान को अपने सभी मुकाबले श्रीलंका में खेलने हैं। तय कार्यक्रम के अनुसार टीम 7 फरवरी को नीदरलैंड्स के खिलाफ टूर्नामेंट का पहला मैच खेलेगी।

हाल ही में ईएसपीएन क्रिकइनफो की रिपोर्ट में बताया गया था कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आईसीसी को ईमेल लिखकर कहा था कि वह बांग्लादेश की मांग का समर्थन करता है, जिसमें भारत में मैच खेलने पर सुरक्षा और राजनीतिक स्थिति को लेकर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह ईमेल मंगलवार को भेजा गया, यानी ठीक एक दिन पहले जब आईसीसी इस मुद्दे पर अंतिम फैसला लेने वाली थी। पीसीबी ने आईसीसी बोर्ड के अन्य सदस्यों को भी ईमेल की कॉपी भेजी। पीसीबी ने साथ ही बांग्लादेश के मैचों की मेजबानी करने की पेशकश भी की।

इस विवाद की शुरूआत कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) द्वारा बांग्लादेश के स्टार पेसर मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 से रिलीज करने के बाद हुई।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने फिर भारत में सुरक्षा का हवाला देकर टी20 विश्व कप के मैच भारत में नहीं खेलने की मांग की। उन्होंने आईसीसी के सामने यह भी विकल्प रखा कि बांग्लादेश को ग्रुप सी से हटाकर ग्रुप बी में शामिल किया जाए और आयरलैंड को ग्रुप सी में भेजा जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि ग्रुप बी के मैच श्रीलंका में होने हैं। आईसीसी के अधिकारियों ने बांग्लादेश में बीसीबी के अधिकारियों के साथ बैठक की थी।

फिर 21 जनवरी को आईसीसी बोर्ड की बैठक हुई जिसमें बांग्लादेश की मांग बहुमत के आधार पर खारिज कर दी गई।

# खेल पर हावी सियासतः किस तरह आईपीएल से शुरू हुआ विवाद विश्व कप तक पहुंचा



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप का हिस्सा नहीं होगी। क्रिकेट की वैश्विक संस्था आईसीसी ने कड़ा रुख अपनाते हुए बांग्लादेश को आइना दिखाया है और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को यह सूचित कर दिया है कि उसकी जगह आयरलैंड टीम को इस वैश्विक टूनामेंट के लिए शामिल किया गया है। बांग्लादेश को लेकर काफी दिनों से चर्चा चल रही है और अब यह साबित भी हो गया है कि खेल पर किस तरह सियासत हावी हो गई।

बांग्लादेश ने आईपीएल से शुरू हुए विवाद को विश्व कप तक खींचा, लेकिन उसे ही इसका सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। आइए जानते हैं कि किस तरह बांग्लादेश की टीम को विश्व कप से बाहर किया गया और कैसे इस विवाद की शुरूआत हुई। इससे पहले जानिए इस कहानी के कितने किरदार हैं। मुख्य रूप से इसमें बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड, मुस्तफिजुर रहमान, आईसीसी, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल शामिल हैं।

### मुस्तफिजुर को आईपीएल में लेने पर घिरा था केकेआर

आईपीएल 2026 के लिए 16 दिसंबर को अबु धाबी में मिनी नीलामी हुई थी। तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने नीलामी में बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा, जबकि उनका आधार मूल्य दो करोड़ रुपये था। मुस्तफिजुर को नीलामी में मोटी रकम मिली। मुस्तफिजुर एकमात्र बांग्लादेशी खिलाड़ी नहीं थे जो आईपीएल नीलामी में उतरे थे। इस बार बांग्लादेश के कुल सात खिलाड़ी थे जो ऑक्शन टेबल पर उतरे। इन खिलाड़ियों में रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, तंजीम हसन साकिब, नाहिद राणा, रकीबुल हसन, मोहम्मद शोरिफुल इस्लाम और मुस्तफिजुर रहमान शामिल थे। इनमें से केवल मुस्तफिजुर को ही खरीदार मिला था। मुस्तफिजुर को लेने के लिए केकेआर और चेन्नई सुपर किंग्स (केकेआर) के बीच होड़ देखने मिली थी और अंत में केकेआर मोटी कीमत पर इस बांग्लादेशी खिलाड़ी को लेने में सफल रहा था।

### शाहरुख खान आए निशाने पर, कैसे हुई बीसीसीआई की एंट्री?

नीलामी में जैसे ही केकेआर ने मुस्तफिजुर को खरीदा उसके बाद से ही सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने केकेआर, विशेषकर फ्रेंचाइजी के मालिक शाहरुख खान को घेरना शुरू कर दिया गया था।

इस मामले को लेकर सबसे ज्यादा अगर किसी की आलोचना हुई तो वह शाहरुख ही थे। कथावाचक से लेकर राजनेताओं ने शाहरुख की आलोचना की थी।

मामला बढ़ने पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को सामने आना पड़ा था।

# रोहित और कोहली का वेतन क्यों कम करेगा बीसीसीआई?



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि केंद्रीय अनुबंध में ए प्लस वर्ग अब खत्म होगा। सैकिया ने स्पष्ट करते हुए बताया कि ए प्लस वर्ग मापदंड इसलिए पूरा नहीं हो पाएगा क्योंकि कुछ खिलाड़ियों ने तीनों प्रारूपों में नहीं खेलने की इच्छा जताई है। 2024-25 के लिए जारी हुई केंद्रीय अनुबंध की सूची में विराट कोहली, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा ही ए प्लस वर्ग में शामिल थे, जबकि अन्य खिलाड़ियों को ए, बी और सी कैटेगरी में रखा गया था।

ए प्लस वर्ग में खिलाड़ियों को सात करोड़ रुपये मिलते हैं, जबकि अन्य वर्ग में क्रमशः पांच करोड़, तीन करोड़ और एक करोड़ रुपये का वार्षिक वेतन मिलता है। कोहली और रोहित टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं, जबकि जडेजा भी अब भारत के लिए टी20 नहीं खेलते हैं। सिर्फ बुमराह ही ए प्लस वर्ग में शामिल ऐसे खिलाड़ी हैं जो तीनों प्रारूप में खेलते हैं।

सैकिया ने स्पोर्ट्स्टार से बात करते हुए कहा, इस रणनीति पर हम जल्द ही आगे बढ़ेंगे। हम एक श्रेणी को हटा रहे हैं क्योंकि ए-प्लस श्रेणी के लिए योग्य खिलाड़ी अब तीनों प्रारूपों में से केवल एक में ही खेल रहे हैं। ए-प्लस श्रेणी के लिए खिलाड़ी की योग्यता निर्धारित करने वाले मानदंड पूरे नहीं हो रहे हैं।

ए-प्लस श्रेणी में शामिल कुछ खिलाड़ियों ने तीनों प्रारूपों में न खेलने का फैसला किया है इसलिए, पात्रता मानदंडों को पूरा करने के लिए पर्याप्त खिलाड़ी शेष नहीं हैं। एक ही फॉर्मेट में खेलने वाला खिलाड़ी ए-प्लस के लिए योग्य नहीं होगा, इसलिए हमें यह फैसला लेना पड़ा। इसमें कोई परेशानी नहीं है।

ये कॉन्ट्रैक्ट सिर्फ खिलाड़ियों को एक साल का वेतन देने का जरिया नहीं हैं, बल्कि यह बीसीसीआई का एक सुव्यवस्थित मॉडल है जिसके जरिए प्रदर्शन, निरंतरता, क्रिकेट के अलग-अलग प्रारूपों में योगदान और चयनकताओं के मूल्यांकन के आधार पर खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाता है।

पिछले कुछ वर्षों में बीसीसीआई ने कई चौंकाने वाले फैसले भी लिए, जिसकी कभी सराहना हुई तो कभी आलोचना झेलनी पड़ी। केंद्रीय अनुबंध में जगह बनाने के लिए बीसीसीआई ने पिछले चक्र में कुछ बदलाव भी किए थे।

बीसीसीआई ने जब साल 2024-2025 के लिए खिलाड़ियों के वार्षिक अनुबंध की सूची का एलान किया था, तो उस लिस्ट में कुल 34 खिलाड़ी थे।

चार खिलाड़ियों को ए+ ग्रेड में रखा गया था। वहीं, छह खिलाड़ियों को ए ग्रेड में रखा गया था। पांच खिलाड़ी बी ग्रेड और 19 खिलाड़ी सी ग्रेड में थे।

# भारतीय अंडर-19 टीम ने लगाई जीत की हैट्रिक गेंदबाजों के बाद म्हात्रे का दिखा दम; न्यूजीलैंड हारा



**बुलावायो ।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान आयुष म्हात्रे की अर्धशतकीय पारी के दम पर भारतीय अंडर-19 टीम ने न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराया। न्यूजीलैंड ने बारिश से बाधित मुकाबले में 36.2 ओवर में 135 रन बनाए थे। बारिश के कारण मैच 37-37 ओवर का कराने का फैसला किया गया। भारत को 130 रनों का संशोधित लक्ष्य मिला जिसे भारत ने 13.3 ओवर में 130 रन बनाकर हासिल कर लिया। भारत ने इस तरह ग्रुप चरण में अपने तीनों मैच जीते और शान से सुपर सिक्स चरण में जगह बनाई।

### मैच में बारिश ने डाली खलल

भारत ने पहले मैच में अमेरिका को हराया था, जबकि दूसरे मैच में बांग्लादेश को मात दी थी। भारत यह दो मुकाबले जीतकर पहले ही अगले चरण के लिए क्वालिफाई कर चुका था। हालांकि, टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में प्रभावित किया। इस मैच में शुरूआत से ही बारिश ने खलल डाली। मैच में मैदान गीला होने के कारण समय से टॉस नहीं हो सका। करीब एक घंटे से अधिक के समय की देरी से टॉस हुआ और भारत ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को बल्लेबाजी का न्योता दिया। इस मैच में भारत ने दो बदलाव किए थे, जबकि न्यूजीलैंड ने कोई बदलाव नहीं किया था। मैच पहले 47-47 ओवर का कराने का फैसला किया गया था, लेकिन न्यूजीलैंड की पारी के दौरान बारिश ने मैच में एक बार फिर खलल डाली और अंततः इसे 37-37 ओवर का कराया गया।

### वैभव-आयुष की साझेदारी

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने आरोन जॉर्ज का विकेट जल्द गंवा दिया जो सात रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद वैभव सूर्यवंशी और कप्तान म्हात्रे ने भारतीय पारी को संभाला। इन दोनों बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की।

दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 76 रनों की साझेदारी कर जीत की नींव तैयार की।

वैभव हालांकि, अर्धशतक पूरा नहीं कर सके और 23 गेंदों पर दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 40 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद म्हात्रे ने अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन वह इसके बाद ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सके।

# ईशान के दमदार प्रदर्शन से सैमसन पर बढ़ेगा दबाव, गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव की संभावना




**गुवाहाटी ।** भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो मैच जीतकर पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। भारतीय टीम अब रविवार को गुवाहाटी में होने वाले तीसरे टी20 मैच को जीतकर सीरीज अपने नाम करना चाहेगी। भारत के लिए राहत की बात यह है कि ईशान किशन और कप्तान सूर्यकुमार यादव टी20 विश्व कप से पहले लय में आ गए हैं। ईशान की दमदार पारी से हालांकि, सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन पर दबाव बढ़ेगा जो अब तक इस सीरीज में बड़ी पारी नहीं खेल सके हैं।

टी20 विश्व कप को शुरू होने में अब कुछ दिन का ही समय शेष है और कुछ स्थान को छोड़ दिया जाए तो भारत की एकादश लगभग तय ही है। देखना दिलचस्प होगा कि इस वैश्विक टूनार्मेंट में अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज कौन उतरेगा। इसमें कोई शक नहीं है कि सैमसन इसके लिए पहली पसंद हैं, लेकिन जिस तरह वह संघर्ष कर रहे हैं उसे देखते हुए सैमसन पर प्रदर्शन करने का दबाव लगातार बढ़ रहा है।

भारत बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। केवल कुछ स्थान को लेकर ही टीम चिंतित होगी जिनमें से एक स्थान फिलहाल सैमसन के पास है। ईशान की 32 गेंदों पर खेली गई शानदार 76 रनों की पारी ने संजू पर दबाव बढ़ा दिया है।

# टी20 सीरीज अपने नाम करने उतरेगा भारत, जानें कितने बजे से शुरू होगा मुकाबला



**गुवाहाटी।** पहले दोनों मैच आसानी से जीतने के बाद भारतीय टीम रविवार को गुवाहाटी में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले तीसरे टी20 मैच में जीत हासिल करके पांच मैच की सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा जिसमें संजू सैमसन के प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेंगी। भारत ने पिछले मैच में बल्ले से दमदार प्रदर्शन किया था और आसानी से लक्ष्य अपने नाम कर लिया था।

टी20 विश्व कप के शुरू होने में अब केवल दो सप्ताह का समय बचा है और इससे पहले भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ बाकी बचे तीन मैच खेलने हैं। ऐसे में भारत की टीम संयोजन काफी हद तक तय लग रहा है। भारत बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। केवल कुछ स्थान को लेकर ही टीम चिंतित होगी जिनमें से एक स्थान फिलहाल सैमसन के पास है। भारत के लिए संजू सैमसन का फॉर्म में नहीं होना चिंता की बात है। इस साल की शुरूआत में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के दौरान सैमसन तेज गेंदबाजों के हाथों पांच बार सस्ते में आउट हो गए। इसमें जोफ्रा आर्चर के हाथों लगातार तीन बार आउट होना भी शामिल है। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो मैच में वह केवल 10 और छह रन ही बना सके और उन्हें क्रमशः काइल जैमीसन और मैट हेनरी ने आउट किया।

मिचेल सैंटनर की अगुआई वाली टीम कुछ रणनीतिक बदलावों पर विचार कर सकती है। वह शानदार फॉर्म में चल रहे डेरिल मिचेल को ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी के लिए भेज सकता है।

न्यूजीलैंड की आमतौर पर मजबूत मानी जाने वाली फील्डिंग इस बार बेहद निराशाजनक रही। सैंटनर और ईश सोढ़ी सहित उसके खिलाड़ियों ने कई कैच छोड़े। न्यूजीलैंड को इस विभाग में तुरंत सुधार करने की जरूरत है। यह देखना बाकी है कि न्यूजीलैंड दो मैचों में हार के बाद कैसे वापसी करता है।

हम यहां आपको भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरे टी20 मैच की लाइव स्ट्रीमिंग से जुड़ी जानकारी दे रहे हैं...

भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टी20 मैच कब खेला जाएगा?

भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टी20 मैच 25 जनवरी यानी रविवार को खेला जाएगा।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टी20 मैच कहां खेला जाएगा?

भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टी20 मैच गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टी20 मैच कितने बजे से खेला जाएगा?

भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टी20 मैच शाम 7:00 बजे से शुरू होगा। टॉस इससे आधे घंटे पहले यानी शाम 6:30 बजे होगा।

# 109 पर ऑलआउट हुई आरसीबी, मंधाना ने बनाए 38 रन





**वडोदरा।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और दिल्ली कैपिटल्स के बीच महिला प्रीमियर लीग 2026 का 15वां मुकाबला वडोदरा में खेला जा रहा है। इस मैच में आरसीबी लगातार छठी जीत दर्ज करने का लक्ष्य लेकर उतरी है। वहीं, दिल्ली की नजरें प्लेऑफ की उम्मीदों को जीवित रखने पर हैं।

दल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने दो बदलाव किए हैं। लूसी हेमिल्टन की जगह चिनेले हेनरी आई हैं और दीया यादव की जगह मीनू मणि की वापसी हुई है। वहीं, आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि प्रेमा रावत की जगह अरुंधति रेड्डी आई हैं।

दोनों टीमों की प्लेइंग 11 इस प्रकार है = रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः ग्रेस हैरिस, स्मृति मंधाना (कप्तान), जॉर्जिया वॉल, गौतमी नाइक, ऋचा घोष (विकेटकीपर), नादिन डी क्लार्क, राधा यादव, अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल, सयाली सतघरे, लॉरेन बेल।

दिल्ली कैपिटल्स : शेफाली वर्मा, लिजेल ली (विकेटकीपर), एल. वोल्वाड्ट, जेमिमा रोड्रिग्स (कप्तान), मारिजन कप, निकी प्रसाद, स्नेह राणा, चिनेले हेनरी, श्री चरणी, नंदनी शर्मा, मीनू मणि।

# 'विश्वकप को टक्कर देने के लिए पाकिस्तान करवाएगा ट्रैशेज'



**नई दिल्ली।** आईसीसी ने बांग्लादेश को टी20 विश्व कप से बाहर कर दिया है। इसका आधिकारिक फैसला आ चुका है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड और वहां के खिलाड़ियों के लिए यह बड़ा झटका है क्योंकि इससे उनको काफी नुकसान होगा। साथ ही आईसीसी उन पर और भी एक्शन ले सकता है। आईसीसी ने अपने सदस्य देशों के बीच वोटिंग कराई थी कि क्या बांग्लादेश को श्रीलंका में खेलने देने की इजाजत मिलनी चाहिए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 16 में से 14 देशों ने इसके खिलाफ वोट दिया था, यानी कि नहीं मिलनी चाहिए।


बांग्लादेश को केवल पाकिस्तान का साथ मिला था। यहां तक कि पाकिस्तान ने खुद ही बांग्लादेश के मैचों की मेजबानी की पेशकश कर दी थी। साथ ही आईसीसी को गीदड़भभकी भी दी थी कि अगर बांग्लादेश को बाहर किया जाता है तो वह भी टी20 विश्व कप से बाहर हो जाएगा। हालांकि, अब जब बांग्लादेश बाहर हो चुका है, तो पीसीबी की ओर से बाहर होने की कोई बात नहीं कही जा रही है।

# मोहम्मद शमी की घातक गेंदबाजी, मुंबई-चंडीगढ़ की बड़ी जीत



**नई दिल्ली।** रणजी ट्रॉफी के विभिन्न एलीट ग्रुप मुकाबलों में शनिवार को तीसरे दिन कई रोमांचक नतीजे सामने आए। बंगाल के लिए मोहम्मद शमी की घातक गेंदबाजी ने सर्विसेज को हार की कगार पर पहुंचा दिया, वहीं मुंबई और चंडीगढ़ ने बोनस प्वाइंट के साथ बड़ी जीत की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। गुजरात, असम, त्रिपुरा, मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश ने भी अपने-अपने मुकाबलों में निर्णायक बढ़त बना ली, जबकि कुछ मैच ड्रॉ की ओर बढ़ते दिखे।

कल्याणी में खेले जा रहे एलीट ग्रुप-सी मुकाबले में भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की शानदार गेंदबाजी के दम पर बंगाल सर्विसेज के खिलाफ बोनस प्वाइंट के साथ जीत के करीब पहुंच गया। शमी ने 16 ओवर में 51 रन देकर 5 विकेट झटके और सर्विसेज की दूसरी पारी को 231/8 पर रोक दिया। सर्विसेज अब भी 102 रन पीछे है। इससे पहले बंगाल ने पहली पारी में 519 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था और सर्विसेज को 186 रन पर समेटकर 333 रन की बढ़त हासिल की थी।




# लोक कल्याण सेवा संस्थान द्वारा आयोजित की गई संगीत मय आध्यात्मिक राष्ट्र गाथा


















गाजियाबाद, करंट क्राइम। लोक कल्याण सेवा संस्थान द्वारा बसंत पंचमी पर्व के पावन अवसर पर कथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म जयंती के अवसर पर संगीतमय आध्यात्मिक राष्ट्रगाथा वंदे मातरम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में व्यापारी नेता तथा भाजपा नेता अनिल अग्रवाल सांवरिया की विशेष भूमिका रही। इस राष्ट्रगाथा कार्यक्रम में अजय भाई द्वारा अपनी राष्ट्रवादी अंदाज में कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण किया गया। अवसर पर श्रीदूधेश्वर नाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी तथा पवन चिंतन धरा आश्रम के प्रमुख पवन सिंह भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। गाथा कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का अनिल अग्रवाल सांवरिया ने आभार व्यक्त किया।

## दबंगों ने ट्रैफिक पुलिसकर्मी को ऑटो में खींचकर पीटा

**लोनी करंट क्राइम।** ट्रॉनिका सिटी पुश्ता डीएलएफ मार्ग पर गलत दिशा में तेज रफ्तार से आ रहे दबंग ऑटो चालक और उसके साथियों ने ट्रैफिक पुलिस कर्मी को ऑटो में खींचकर पीटा। पुलिस कर्मी के चेहरे पर कपड़ा डालकर मुंह और गला दबाने की कोशिश की। किसी तरह उन्होंने अपनी जान बचाई। मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की गई है। मूलरूप से इटावा के रहने वाले राहुल सिंह यादव ने बताया कि वह कांस्टेबल हैं और ट्रैफिक पुलिस में भर्ती हैं। मौजूदा समय में वह लोनी पुश्ता मार्ग पर तैनात हैं। बृहस्पतिवार को वह डीएलएफ मार्ग की तरफ खड़े थे। तभी गलत दिशा में आ रहे तेज रफ्तार ऑटो चालक को रोकने का इशारा किया। ऑटो चालक ने तेज आवाज में गाना बजा रखा था। उन्होंने गलत दिशा में ऑटो चलाने और साउंड को बंद करने के लिए कहा। आरोप है ऑटो चालक ने राहुल यादव से कहा कि उसे तेज साउंड से क्या परेशानी है। तभी ऑटो में सवार चालक के पांच से छह साथियों ने उन्हें ऑटो के अंदर जबरन खींच लिया। उनके चेहरे पर कपड़ा रख कर उनके साथ मारपीट की। उनका गला दबाने की कोशिश की। किसी तरह वह उनके चंगुल से बचकर बाहर आए। इस दौरान ऑटो चालक उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।




## एंटी करप्शन की कइयों पर हैं नजर

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों मेरठ वाले एंटी करप्शन टीम की गूंज हर जोन में सुनाई दे रही है। अब पुलिस के सूत्र बताते हैं कि बीते दिनों जिस तरीके से एक महिला टू-स्टार वाला मामला खबर बना है, उसके बाद कई कार्यालयों और पुलिसकर्मियों की टेंशन बढ़ी हुई है। अब बताया जा रहा है कि सिटी जोन के एक कार्यालय में तो अब किसी भी लेनदेन वाले काम की एकदम ना हो गई है। तो वहीं एक कार्यालय ऐसा है जहां लेनदेन के लिए बाकायदा एक प्राइवेट आदमी एक्टिव कर दिया गया है। इन सबके बीच जानकारी मिली है एंटी करप्शन वालों ने अबतक जिन मामलों में कार्रवाई की है उसमें अधिकांश महिलाओं से संबंधित अपराध के मामले बताएं जा रहे हैं। वहीं जिस तरह से 2023 बैंच वालों को लेकर भी चर्चाएं ऐसी सुनाई देती रहती हैं उनको भी बेहद अलर्ट रहने की जरूरत बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि जो अपने ही नहीं दूसरे इलाकों में भी ऑनलाइन वाले काम आसानी से कर डालते हैं उनको अलर्ट रहना होगा। वहीं पुलिस के सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि पुलिस के कुछ हरफनमौला खिलाड़ी पुलिसकर्मियों को अपनी जेब भरने के लिए मोटी डिमांड करते थे, उनको भी अब ज्यादा ध्यान देना होगा। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि बीते कुछ दिनों पहले की बात है कमिश्नरेट वाले सिस्टम के एक थानाक्षेत्र में भी एक चौकी वाले प्रभारी का कांड होने वाला था लेकिन कमिश्नरेट वाले सिस्टम के एक आईपीएस अधिकारी ने बचा लिया था। बाद में टू-स्टार की चौकी भी गई थी और मामला साइलेंट मोड पर आ गया था। वहीं इन सबके बीच जानकारी मिली है कि जिस तरीके से बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एंटी करप्शन वालों ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है, उसके बाद कहा जा रहा है कि कई और थानों पर एंटी करप्शन वालों की नजर है। बताया जा रहा है कि एक थाने में तो थाने से प्रिंट आउट निकालने वाला मामला भी तूल पकड़ सकता है। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि एंटी करप्शन वाले एक थ्री-स्टार इन दिनों गाजियाबाद से ही जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। कभी वह एक्टिव मोड में रहते हैं, तो कभी वह बेहद हाई प्रोफाइल कार्यक्रमों में भी नजर आते हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जिस तरीके से एंटी करप्शन वालों की टेढ़ी नजर चल रही है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि कई और एंटी करप्शन वालों के निशाने पर आने वाले हैं। ऐसा दावा सूत्रों ने कर दिया है।




## श्री राम कथा का भव्य आयोजन: गाजियाबाद में अयोध्या के राम मंदिर की दिव्य झलक

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** कविनगर स्थित रामलीला मैदान में 25 जनवरी 2026 से 1 फरवरी 2026 तक भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। मंगलमय परिवार, गाजियाबाद के सौजन्य से आयोजित इस सात दिवसीय आध्यात्मिक महोत्सव में श्रद्धालुओं को अयोध्या के श्रीराम मंदिर की तर्ज पर निर्मित विशेष परिसर में प्रभु श्री राम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा।

प्रतिदिन सायं 4 से 7 बजे तक होने वाली कथा का वाचन पूज्य विजय कौशल महाराज जी करेंगे। आयोजन में प्रतिदिन हवन, विशेष यज्ञ, ऐतिहासिक प्रदर्शनी, पुंगनूर गौ माता का दर्शन एवं गौ सेवा की व्यवस्था भी की गई है। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पास प्रणाली, बैठने की उत्तम व्यवस्था एवं आधुनिक ध्वनि-प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

आयोजकों के अनुसार यह आयोजन न केवल धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का ऐतिहासिक अवसर होगा, जिसमें प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। सभी





श्रद्धालुओं से सपरिवार सहभागिता की अपील की गई है।

## गाजियाबाद में 3 मिनी स्टेडियम बनाने की तैयारी, 6 करोड़ आएगी लागत; शासन को भेजा गया प्रस्ताव

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद की युवा खेल प्रतिभाओं के लिए खुशखबरी है। जिले के ग्रामीण इलाकों में तीन मिनी स्टेडियम बनाए जाएंगे। इसके लिए अल्पसंख्यक विभाग ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया है। इन्हें बनाने में छह करोड़ की लागत आएगी। यहां ग्रामीण युवाओं को क्रिकेट, फुटबॉल के साथ कई इंडोर गेम्स की सुविधा मिलेगी।

शहरी क्षेत्रों के साथ अब ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को खेलों में आगे बढ़ाने के तीन ग्राम पंचायतों में मिनी स्टेडियम बनाए जाने हैं। इसके बनने से युवाओं को खेलों का अभ्यास करने के लिए दूर-दराज के शहरों में नहीं जाना होगा। उन्हें अपने गांव के पास ही आधुनिक खेलों का अभ्यास करने की सुविधा मिल सकेगी।

### इन खेलों की सुविधाएं होंगी

स्टेडियम में आउटडोर से लेकर इनडोर खेलों की सुविधा उपलब्ध होगी। स्टेडियम में एथलेटिक्स के लिए ट्रैक, क्रिकेट के लिए पिच, फुटबॉल के लिए



मैदान के साथ बास्केट बॉल, जूडो, बैडमिंटन, बॉक्सिंग आदि खेलों की सुविधा होगी। इसके लिए अल्पसंख्यक विभाग ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है। जिला अल्पसंख्यक अधिकारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि लोनी विकास खंड के बनेड़ा खुर्द, रजापुर विकास खंड की मसूरी और मोदीनगर विकास खंड की त्योडी तेरह बिस्वा ग्राम पंचायत में खेल के मैदान बनाए जाने हैं। स्टेडियम बनने के बाद यहां पर विभिन्न खेलों की समय-समय पर युवाओं के लिए प्रतियोगिताएं भी आयोजित कराई जाएगी।

अभी ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को खेलों के अभ्यास करने के लिए दिल्ली, नोएडा, मेरठ जाने की जरूरत पड़ती है। स्टेडियम के बनने से दूरदराज के शहरों में नहीं जाना पड़ेगा।

## गोल्डन टेंपल में रील बनाने वाला गिरफ्तार: मुस्लिम युवक ने पवित्र सरोवर में किया था कुल्ला, वीडियो हुई थी वायरल



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल के पवित्र सरोवर में कुल्ला करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अंकुर विहार थानाक्षेत्र की एक कॉलोनी का रहने वाला सुव्हान है। पुलिस के अनुसार आरोपी सुव्हान कॉलोनी में ही संचालित अपने भाई के मेडिकल स्टोर पर काम करता है। 15 जनवरी को वह अमृतसर घूमने गया था। इस दौरान उसकी एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई। वीडियो में युवक गोल्डन टेंपल के पवित्र सरोवर में कुल्ला करता दिखाई दे रहा था। इसके बाद सिक्ख समुदाय के लोगों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए पुलिस से शिकायत की थी। साथ ही जानबूझकर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया था। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया आरोपी को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर एसीपी कोर्ट में पेश किया गया और जेल भेज दिया गया है। युवक के खिलाफ फिलहाल कोई प्राथमिकी कहीं दर्ज नहीं है।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

**Neeraj Singh**
1h ·

नन्हे हाथों में कोमलता है,
पर हौसलों में पूरे युग की ताक़त।
बेटियाँ—
मेरे जीवन का गर्व,
मेरी सोच की दिशा,
और मेरे हर संघर्ष की सबसे बड़ी ताक़त।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर
सभी बेटियों को हार्दिक शुभकामनाएँ।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। यूथ आइकॉन नीरज सिंह ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटियों को अपने काव्यमय अंदाज में शुभकामनाएं दी। उन्होंने युग की ताकत संघर्ष की ताकत के साथ बेटियों के जोश और हौसले का एहसास कराया। नीरज सिंह ने इन शब्दों को अपनी फेसबुक पर साझा किया। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर यूथ आइकॉन भाजपा नेता नीरज सिंह की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

गाजियाबाद नगर निगम Ghaziabad Nagar Nigam ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# 2027 के विधायक फेस पर आया पाठकों की प्रतिक्रियाओं का करंट

## सभी ने बताये अपनी पसंद के चेहरे और कहा होना चाहिए इस वाले फेस को ही विधायक






**नशीम खान**
मुरादनगर से सबके साथ खड़े होने वाले बहुत ही शांत स्वभाव के सामाजिक व्यक्ति डाक्टर संजीव शर्मा जी विधायक होने चाहिए ।



**विकास गर्ग**
मयंक गोयल शहर विधानसभा से 100% ।

**उमेश कश्यप**
भैया जी हम तो आपसे ही सहमत हैं ।



**मेहताब त्यागी**
हमारे महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल जी ।

**अम्बुज पंडित**
विधानसभा 54 मुरादनगर से संजीव शर्मा ।

**राजीव यादव**
एक ही नारा एक ही नाम श्री अभिषेक गर्ग जी । विधायक समाजवादी पार्टी गाजियाबाद 56 ।



**राजवीर चंदेल**
कमल का फूल ।

**महिपाल सिंह रावत**
अजय शर्मा पार्षद जी एक कर्मठ, जुझारू, सहयोगी एवं शानदार व्यक्तित्व के धनी हैं । जनसेवा के प्रति पूर्णतः समर्पित, क्षेत्र की हर समस्या के समाधान हेतु सदैव तत्पर रहते हैं । ऐसे ऊर्जावान, दूरदर्शी और जनप्रिय प्रतिनिधि पर हमें गर्व है । हम उन्हें भी वर्ष 2027 में विधायक के रूप में देखना चाहते हैं ।



**रोहित शर्मा**
जितेन्द्र शर्मा शिकारपुर विधानसभा 69 बुलंदशहर ।

**राहुल पंवार**
मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक अजितपाल त्यागी जी तीसरी बार विधायक बनकर आयेंगे ।



**आशीष विज**
उमेश पप्पू नागर पहले इस्तमाल करें फिर विश्वास करें जय श्री राम हर हर महादेव ।

**अरविंद कुमार त्यागी**
मोदीनगर से समाजवादी पार्टी से श्रवण कुमार त्यागी जी एक बेहतर और जिताऊ उम्मीदवार साबित होंगे । युवा, शिक्षित, अनुभवी, जनप्रिय, निर्विवाद और बहुत ही मिलनसार, सौम्य, सरल स्वभाव वाले श्रवण त्यागी जी मौका मिलना चाहिए ।
पूर्ण विश्वास है अगर पार्टी नेतृत्व ने उन्हें मौका दिया तो जनता का भरपूर प्यार और समर्थन उन्हें मिलेगा व मोदीनगर सीट समाजवादी पार्टी की झोली में निश्चित जाएगी ।



**हिंदू कुश बजरंगी**
विधानसभा में जितना काम हुआ है उसको देखते हुए केवल हमें अपना विधायक संजीव शर्मा चाहिए ।



**आशीष विज**
उमेश नागर उभरते हुए चहरे हैं मेरी निगाह में विधायक के रूप में मैं देखता हूं जो अभी विधायक हैं वो सभी मेरे प्रिय हैं इसलिए क्षेत्र बताना थोड़ा मुश्किल है पर विधायक तो है हमारे उमेश नागर जी आपका क्या खयाल है ।

**आसिफ अल्वी**
शिक्षा, संघर्ष और समाजवादी विचारधारा से निकला नेतृत्व— मुरादनगर की उम्मीद, बड़ी बहन मनीषा त्यागी ।

**अरुण कुमार**
लोकप्रिय विधायक श्री संजीव शर्मा जी मेरा विधायक मेरी शान ।



**सोनू कुमार कश्यप**
यहां तो अपना नाम रख लो और एक बात भाजपा का हर एक कार्यकर्ता विधायक ही है । जय श्री राम । जय भाजपा तय भाजपा ।

**संजीव शर्मा कन्नोजिया**
संजीव शर्मा गाजियाबाद शहर । धर्मेश सिंह तोमर धौलाना । अजीत पाल त्यागी मुरादनगर । राहुल चौधरी( रजापुर ब्लॉक प्रमुख ) मोदीनगर ।



**नीरज त्यागी**
हर दिल अजीज विधायक अजीत पाल त्यागी ।

**विरेन्द्र कुमार कंडेरे**
आदरणीय दीपक भाटी जी जिंदाबाद ।

**विरेन्द्र कुमार कंडेरे**
गाजियाबाद जिले की विधानसभा में दो-दो बार विधायक हो गए हैं कहीं ना कहीं मेरे हिसाब से जो ऊर्जावान कार्यकर्ता है कहीं ना कहीं उन्हें में से ही किसी को टिकट मिलना चाहिए ।



**धर्मेन्द्र शर्मा**
दीपक भाटी ।

**राहुल पंवार**
शहर विधानसभा से सिर्फ एक ही चेहरा संजीव शर्मा जिंदाबाद ।



**अमित गुर्जर**
लोनी से नंदकिशोर गुर्जर जी को विधायक के साथ-साथ कैबिनेट मंत्री भी देखना चाहते हैं ।




# हापुड़ में मनाया गया उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस

## प्रशासनिक कार्यक्रम में हुई विविध प्रस्तुतियाँ




**हापुड़ करंट क्राइम।** शनिवार को हापुड़ के रामलीला मैदान में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं बृजेश पाठक के संबोधन को लाइव सुना गया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। साथ ही केंद्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को पत्र वितरित किए गए। आयोजन में खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें कुश्ती और रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताएँ शामिल रहीं।

इस अवसर पर सिडको अध्यक्ष वाई.पी. सिंह, जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय, पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, जिला अध्यक्ष कविता माधरे, हापुड़ विधायक विजयपाल अड़ती, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, जिला महामंत्री राजीव सिरोही, मोहन सिंह, नगर पालिका परिषद पिलखुवा के अध्यक्ष विभू बंसल, ब्लॉक प्रमुख निशांत सिसोदिया, संसद प्रतिनिधि विनोद गुप्ता, अशोक बबली सहित अनेक सम्मानित कार्यकर्ता, प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से उत्तर प्रदेश की प्रगति, सांस्कृतिक विरासत एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का संदेश दिया गया।

# प्रदेश सरकार की ओर से राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने थमोर्कूल के सीएमडी राजीव गुप्ता को किया पुरस्कृत





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को गाजियाबाद प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में थमोर्कूल होम एप्लायंसेज लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक राजीव कुमार गुप्ता को प्रदेश सरकार की ओर से सम्मानित किया गया।

राजीव कुमार गुप्ता को यह पुरस्कार उद्योग क्षेत्र में बेजोड़ एवं प्रशंसनीय योगदान, उत्कृष्ट उत्पादन, रोजगार सृजन तथा सामाजिक दायित्वों के प्रभावी निर्वहन में उनकी कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण एवं सेवाभाव के लिए प्रदान किया गया। यह सम्मान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार नरेंद्र कश्यप द्वारा जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़, सदर विधायक संजीव शर्मा, लोनी विधायक नंद किशोर गूजर, मोदीनगर विधायक मंजू शिवाच, संयुक्त आयुक्त उद्योग श्रीनाथ पासवान एवं मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

इस अवसर पर राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने राजीव कुमार गुप्ता को शाल ओढ़ाकर एवं सम्मान प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास में उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में श्री राजीव कुमार गुप्ता के बड़े भाई श्री संजीव कुमार गुप्ता भी उपस्थित रहे। सम्मान प्राप्त होने पर राजीव कुमार गुप्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, एमएसएमई विभाग, जिला प्रशासन, संयुक्त आयुक्त उद्योग श्रीनाथ पासवान सहित जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) के समस्त अधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा।

# भूमि कब्जाधारियों पर महापौर सुनीता दयाल का फिर बड़ा एक्शन

## चेतावनी के बाद मौके पर पहुंचकर हटवाया गया अवैध भूसा घर






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम की भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ महापौर सुनीता दयाल लगातार सख्त रुख अपनाए हुए हैं। एक बार फिर महापौर ने एक्शन मोड में आते हुए मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से बनाए गए भूसा घर को हटवाया। वह मौके पर कुल छह घंटे मौजूद रहीं और बीते दिनों महापौर सुनीता दयाल ने संबंधित भूसा घर संचालक को नगर निगम की भूमि से कब्जा हटाने की स्पष्ट चेतावनी दी थी और स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए समय भी दिया गया था। लेकिन चेतावनी का समय बीत जाने के बावजूद कब्जा नहीं हटाया गया। इसके बाद शनिवार की शाम महापौर सुनीता दयाल नगर निगम की टीम के साथ स्वयं मौके पर पहुंचीं। उनकी मौजूदगी में नगर निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए पूरा अवैध अतिक्रमण हटवाया और भूसे को निगम के वाहनों में भरवाकर हटाया गया।

महापौर सुनीता दयान ने मौके पर साफ शब्दों में कहा कि नगर निगम की भूमि पर किसी भी प्रकार का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पहले चेतावनी दी जाती है, लेकिन उसके बाद भी यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो सख्त कार्रवाई तय है। इस कार्रवाई के दौरान नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। महापौर की इस सख्ती से कब्जाधारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# मधुबन बापूधाम क्षेत्र में अवैध निर्माणों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई, अनाधिकृत निर्माण किये सील





**- सीलिंग की कार्रवाई के दौरान स्थानीय निर्माणकर्ताओं ने किया जबरदस्त विरोध**

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा अवैध निर्माणों एवं अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई के निर्देशों के क्रम में शुक्रवार, 24 जनवरी 2026 को मधुबन बापूधाम क्षेत्र में व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई प्रभारी प्रवर्तन जोन-03 के नेतृत्व में की गई। अभियान के दौरान खसरा संख्या-370, बुनकर मार्ट के निकट, मधुबन बापूधाम स्थित भूमि पर प्राधिकरण से बिना अनुमति किए गए अनाधिकृत निमार्णों को सील किया गया। उक्त निर्माण अमित चौधरी, सूर्या प्रकाश, अजय सिंह, महावरी सिंह, जबर सिंह, ओमकार, जयवीर, जसवीर, उदयवीर सहित अन्य व्यक्तियों द्वारा किए गए थे। सीलिंग की कार्रवाई के दौरान स्थानीय निर्माणकताओं द्वारा विरोध किया गया, हालांकि प्राधिकरण पुलिस बल एवं स्थानीय पुलिस की तत्परता से स्थिति को नियंत्रित करते हुए कार्रवाई को शांतिपूर्ण एवं विधिसम्मत ढंग से पूर्ण कराया गया। कार्यवाही के समय स्थल पर सहायक अभियंता, अवर अभियंता, समस्त सुपरवाइजर एवं मेट के साथ-साथ स्थानीय पुलिस बल एवं प्राधिकरण पुलिस बल मौजूद रहा।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि अवैध निमार्णों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख़्त और निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी तथा बिना स्वीकृति किए गए किसी भी निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# सेतु निर्माण के प्रसंग के अंदर छुपी है राम नाम की महिमा




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा, सेक्टर-19 में चल रही श्रीराम कथा में भक्तों को अद्भुत आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त हो रही है। कथा वाचक प्रशांत मुकुंद प्रभु ने भगवान श्रीराम के विनय, प्रेम और वानर सेना के प्रति करुणा भाव को जिस भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया, उसने श्रोताओं के हृदय को स्पर्श कर लिया।

सेतु निर्माण का प्रसंग अत्यंत मार्मिक रहा। किस प्रकार भगवान श्रीराम ने प्रेमपूर्वक वानरों को प्रेरित किया, उनके श्रम को स्वीकार किया और नाम-स्मरण से असंभव को संभव बना दिया—इस वर्णन ने सभा को भावविभोर कर दिया। अनेक श्रद्धालुओं की आँखों से अश्रुधारा बह निकली और राम नाम के प्रति श्रद्धा और विश्वास और अधिक प्रगाढ़ हो गया। प्रभु जी ने सरल किंतु गहन शब्दों में यह भी बताया कि कलियुग का परम धर्म महा-मंत्र का नाम जप है— हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे। उन्होंने शास्त्रीय प्रमाणों के साथ समझाया कि इस सत्य को स्वयं महादेव ने भी स्वीकार किया है, कि नाम-स्मरण ही कलियुग में जीव का उद्धार करता है।

# गणतंत्र दिवस पर शिक्षा मंदिर में मनाया गया उत्सव



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली सेक्टर एक स्थित बद्रीनाथ पार्क में पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने ममता गर्ग द्वारा आयोजित शिक्षा मंदिर में गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर गरीब बच्चों को मुफ्त में शिक्षा देने वाली शिक्षा मंदिर की गतिविधियों की सराहना की गई। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसे देखकर पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंदिर का यह प्रयास सराहनीय है और इससे गरीब बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने में मदद मिल रही है।

# इंदिरापुरम के अभय खंड 3 में पानी की टंकी के पास लाइन लीकेज

## लोग बोले शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कोई कार्रवाई



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के अभय खंड 3 में पानी की टंकी के पास पानी की लाइन लीकेज की समस्या से लोग परेशान हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार शिकायत की है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस समस्या के कारण लोगों को पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है, और कई बार तो पानी की आपूर्ति पूरी तरह से बंद हो जाती है। महेश नेगी का कहना है कि वे जल विभाग से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग कर रहे हैं। इंदिरापुरम में पानी की आपूर्ति में कमी आने से निवासी परेशान हैं। कई इलाकों में केवल 10-15 मिनट ही पानी आ रहा है, जिससे दैनिक जीवन में दिक्कतें हो रही हैं। लोग जल विभाग से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग कर रहे हैं।

# जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती शोषित वंचित कल्याण दिवस के रूप में मनाई



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद में जननायक, भारत रत्न कपूर्री ठाकुर की जयंती ज्ञानपीठ केन्द्र 1, स्वरुप पार्क जीटी रोड के प्रांगण में लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष समाजवादी विचारक राम दुलार यादव शिक्षाविद के नेतृत्व में शोषित - वंचित कल्याण दिवस के रूप में आयोजित की गयी।

कार्यक्रम में शामिल सभी साथियों ने जननायक कपूर्री ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें स्मरण करते हुए उनके क्रान्तिकारी, समाजवादी विचार को जन-जन में पहुँचाने का संकल्प लिया। समाजवादी चिन्तक राम दुलार यादव ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर राजनीति में चार दशक तक पिछडो, दलितों, प्रताड़ितों, महिलाओं और आर्थिक दृष्टि से कमजोर सवर्णों के उत्थान के लिए तथा सामाजिक न्याय की लड़ाई को धार देने के लिए संघर्षरत रहे।

उन्होंने कहा कि कपूर्री ठाकुर जी को भारत रत्न मिला, वह बहुत पहले ही इसके हकदार रहे, लेकिन आज अफसोस के साथ कहना चाहते है कि हम उनके सपनों का बिहार नहीं बना पाए, सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक विषमता से प्रदेश अभिशप्त है। कार्यक्रम में जगन्नाथ प्रसाद, ताहिर अली, हुकुम सिंह, वीर सिंह सैन, रामेश्वर यादव, मुनीव यादव, प्रभाशंकर मिश्र, विजय भाटी एडवोकेट, पंडित विनोद त्रिपाठी, हरेन्द्र यादव, सुभाष यादव, उदय प्रताप, उमेश, विकास, हरिकृष्ण के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।